उज्जैन
शनिवार
07
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-05
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 महालक्ष्मी-नारायण मंदिर में 28 लाख रुपए से सजावट

7 मोहम्मद शमी का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास



फिल्म बायोपिक नहीं सिर्फ एक्शन की कहानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ रही है। टीजर और पोस्टर के बाद फिल्म के ट्रेलर की पहली झलक मुंबई मीडिया को दिखाई गई। इस दौरान सलमान ने फिल्म को लेकर कई बातें साझा कीं। उन्होंने साफ किया कि 'मातृभूमि' किसी की बायोपिक नहीं, बल्कि वास्तविक घटनाओं और परिस्थितियों से प्रेरित कहानी है। सलमान बोले- यह बायोपिक नहीं, सिर्फ इंसान की इंसान से भिड़ंत दिखाने की कोशिश है इस दौरान सलमान ने फिल्म में भारत और चीन के बीच दिखाई गई परिस्थितियों पर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म में दोनों देशों का जिक्र है, लेकिन युद्ध या टकराव दिखाने का मतलब उनके रिश्ते खराब करना नहीं है। सलमान ने कहा- यह फिल्म बिल्कुल भी बायोपिक नहीं है। यह सिर्फ एक बात से प्रेरित है। मेरे पिता ने मुझसे एक बार कहा था कि जब युद्ध में कोई गोली अपने निशाने तक पहुंचती है, तो उसका दर्द एक मां के दिल तक पहुंचता है। मैं फिल्म में ऐसा कुछ नहीं दिखाना चाहता था। मैं सिर्फ ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें दो लोगों के बीच सीधी हाथापाई हो। बस, इतना ही। फिल्म में एक तरफ चीन है और दूसरी तरफ हम हैं।

देश

- **राहुल गांधी** ने मोदी सरकार को घेरा, बोले- वोटर लिस्ट से तय होंगे गरीबों के अधिकार तो यह हक की चोरी है
- **कटनी** में 45 हजार की रिश्वत लेते रेलवे का वरिष्ठ अनुभाग अभियंता गिरफ्तार, 12 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा
- **भीलवाड़ा** में भीषण सड़क हादसा सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार खाई में गिरी, 3 की मौत, 6 घायल
- **अभिषेक बनर्जी** का आरोप- भाजपा समर्थकों ने घर पर हमला किया, लोग हथियार लेकर घुसे, पत्थर फेंके, कोलकाता पुलिस देखती रही, 5 महीने में तीसरी घटना
- **तरुण तेजपाल** को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, 2013 के रेप केस में 10 साल सजा पर रोक लगाने से इनकार

विदेश

- **इजराइल** में नए प्रधानमंत्री का ऐलान आज, आइजनकोट को 6 पार्टियों का समर्थन, देश में कभी सिंगल पार्टी की सरकार नहीं बनी
- **जिनपिंग** चीन में ट्रम्प-पुतिन मुलाकात कराने से डर रहेः अपनी जमीन पर यूक्रेन बंटवारे का फैसला नहीं चाहते; 18-19 नवंबर की मीटिंग पर अभी सस्पेंस
- **न्यूजीलैंड** में आम चुनाव, पीएम लक्सन की कुर्सी पर खतरा, महंगाई और अर्थव्यवस्था पर लेबर पार्टी से मुकाबला, छोटी पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं

व्यापार

- सोना एक दिन में 2,677 रुपये और चांदी 4,432 रुपये सस्ती
- सेंसेक्स 1718 अंक चढ़कर 80,000 पार
- ई20 पेट्रोल में 31.2% तक एथेनॉल मिला रही कंपनियां

कार्टून..



पटियाला में रोकी अमृतसर-बंगाल कर्मभूमि एक्सप्रेस, 8 ट्रेनें डायवर्ट

पंजाब में यात्रियों से भरी चलती ट्रेन में आग लगी, 4 डिब्बे जले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटियाला

पंजाब में शुक्रवार दोपहर चलती कर्मभूमि एक्सप्रेस में अचानक आग लग गई। आग इंजन के साथ लगे जनरल डिब्बे में भड़की और देखते ही देखते ट्रेन के 4 जनरल कोच इसकी चपेट में आ गए।

आग की चपेट में आए डिब्बों में यात्री सवार थे। इससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ट्रेन रुकते ही यात्री जान बचाने के लिए नीचे उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। इस दौरान कई यात्रियों ने ट्रेन से छलांग भी लगा दी।

घटना फतेहगढ़ साहिब के साधूगढ़ और पटियाला के सराय बंजारा रेलवे स्टेशन के बीच हुई। सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन, दमकल विभाग और राहत टीमों को अलर्ट किया गया। रेलवे के अनुसार, ट्रेन नंबर 12508 कर्मभूमि एक्सप्रेस अमृतसर से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जा रही थी। हादसा दोपहर करीब सवा 1 बजे हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस ने बताया कि कोच के पंखे में शॉर्ट सर्किट होने के कारण यह घटना हुई। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रेन में लगभग 1,500 यात्री सवार थे।



रेलवे ने यात्रियों के लिए 2 स्पेशल ट्रेनें चलाईं- अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम यशनजीत सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी। हादसे के बाद यात्रियों से करीब 500 मीटर दूर स्थित नजदीकी स्टेशन पहुंचने को कहा गया। यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए सराय बंजारा स्टेशन से न्यू जलपाईगुड़ी के लिए 2 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। ट्रैक से जली हुई ट्रेन को हटाने के बाद यातायात बहाल कर दिया गया।
सीनियर डीसीएम बोले- कोई हताहत नहीं- उन्होंने बताया कि आग से तीन कोच पूरी तरह प्रभावित हुए, जबकि चौथा कोच भी आंशिक रूप से चपेट में आया। ये ट्रेन अनरिजर्व्ड थी, जिसमें 22 कोच थे। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, उत्तरी रेलवे के उढफ्ह हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि सराय बंजारा स्टेशन के पास ट्रेन का सेफ्टी सिस्टम सक्रिय होने के बाद ट्रेन रुक गई।

मुंडन संस्कार से लौट रहे परिवार की ट्रैक्टर-ट्रॉली को

ट्रक ने मारी टक्कर, पांच की मौत, 17 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। पिसावां थाना क्षेत्र के पिहानी मार्ग पर कुलहाघाट के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मुंडन संस्कार से लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बरगांवा गांव निवासी हरिनाम के बेटे अभी का मुंडन संस्कार हरदोई जिले के पिहानी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव स्थित एक धार्मिक स्थल पर हुआ था। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद परिवार के सदस्य और रिश्तेदार ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पिहानी मार्ग पर हिम्मतनगर गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लोग नीचे दब गए।



पांच लोगों को अस्पताल में मृत घोषित किया- हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर पिसावां और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) महोली पहुंचाया गया।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के 2 मददगार गिरफ्तार

महिलाओं को निशाना बनाते थे, 75 दिनों में 30 आतंकी सहयोगी अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर से आतंकियों की मदद करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई आतंकी मॉड्यूल की जांच का हिस्सा है। आरोप है कि इस मॉड्यूल के जरिए महिलाओं को निशाना बनाकर अलगाववादी विचारधारा और प्रचार को बढ़ावा दिया जा रहा था।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरशाद अहमद भट और शौकत अहमद रेशी के रूप में की है। बांदीपोरा पुलिस ने कहा कि आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

क्षेत्र की सुरक्षा और शांति के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जम्मू-कश्मीर में पिछले 75 दिनों में 30 आतंकी सहयोगी गिरफ्तार किए गए हैं। इस बीच, काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर और स्थानीय पुलिस इकाइयों ने सीमा पार से संचालित संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल, ऑनलाइन कट्टरपंथी नेटवर्क और आतंकी फंडिंग के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एक कार्रवाई के तहत उक्ड ने श्रीनगर, बडगाम, पुलवामा और अनंतनाग में छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। ये तलाशी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से कथित रूप से जुड़े सोशल मीडिया आधारित भर्ती नेटवर्क के संबंध में की गई।

धनतेरस पर इंदौर में मर्सिडीज-ऑडी की 19 कारें बिकीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के बाजारों में धनतेरस पर खूब धन बरसा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर-उज्जैन समेत पूरे प्रदेश के बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। इंदौर में मर्सिडीज-ऑडी की 19 कारों की डिलीवरी हुई। इनमें सबसे महंगी 1.70 करोड़ रुपए की जीएलएस बिकी। भोपाल में करीब 2500 कारें और 7 हजार टूव्हीलर्स बिके। 200 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी की सौदे भी हुए।

जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश के बाजारों में सुबह से रौनक रही। ग्राहकों की भीड़ रात तक बाजारों में बनी रही। भोपाल में 20 से ज्यादा बड़े कार शोरूम हैं। जहां एक महीने पहले से बुकिंग की गई। जेके रोड स्थित एसएनआर किया के सीईओ सौरभ सोनी ने बताया कि अबकी बार सप्लाई से ज्यादा डिमांड रही। इनमें सीएनजी और इलेक्ट्रिक कारों की मांग ज्यादा है। उनके शोरूम पर ही धरतेरस पर 200 से ज्यादा कारों को परिवार अपने घरों में लेकर पहुंचे। 45 से 50 लाख रुपए कीमत वाली कारों की डिमांड ज्यादा रही। सभी कंपनियों में कई मॉडल की डिमांड तो है, लेकिन सप्लाई नहीं हुई। इस वजह से दीपावली के दिन और उसके बाद देवउठनी एकादशी तक मार्केट में रोनक बनी रहेगी।

डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की सोचने वाला युवक गिरफ्तार

व्हाइट हाउस के पास चोरी की कार में था, तीन बंदूकें और कारतूस मिले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन डीसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या करने की बात कहने वाले वेनेजुएला के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एनबीसी न्यूज के मुताबिक, युवक ने अधिकारियों को बताया कि उसके सिर में आवाजें आती हैं, जो उसे ट्रम्प को मारने के लिए कहती हैं।

युवक की पहचान 26 साल के रोनी योरड्रिक्स गुआनिपा क्रिनोस के रूप में हुई है। उसके पास से तीन बंदूकें और कारतूस मिले हैं। ये हथियार व्हाइट हाउस के पास खड़ी उसकी कार में रखे थे। पुलिस को जांच में पता चला कि वह चोरी की कार चला रहा था।

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के मुताबिक, युवक 2024 में अवैध तरीके से अमेरिका आया था। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गुरुवार रात करीब 11:42 बजे क्रिनोस को व्हाइट हाउस के बाहर खड़ी नीले रंग की फोर्ड एफ-150 गाड़ी में सोते हुए देखा। संदिग्ध लगने पर अधिकारियों ने उसे जगाकर पूछताछ की। एनबीसी न्यूज के मुताबिक, क्रिनोस ने गूगल ट्रांसलेट की मदद से अधिकारियों को बताया कि उसके पास कुछ हथियार हैं, जिन्हें वह सरकार को सौंपना चाहता है। उसने कहा कि वह बिना किसी विरोध के हथियार सौंप देगा। उसने यह भी दावा किया कि कुछ लोग उसे मारने की कोशिश कर रहे थे। उसने उनसे एक बंदूक छीन ली जो कार में भूरे रंग के बैग में रखी है।

पीओके में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग में 2 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में शुक्रवार को पाकिस्तानी सेना ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग कर दी। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई।

पिछले दो दिनों में पाकिस्तानी सेना की तरफ से अब तक 9 लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले गुरुवार को भी 7 प्रदर्शनकारी मारे गए थे। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने लगातार दो दिनों तक मटियालमेरा बस टर्मिनल, उमर फारूक चौक और रावलकोट में चल रहे धरनों पर कार्रवाई की। आरोप है कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी के साथ ड्रोन से हमले भी किए। इस दौरान भारी मशीनगनों और बख्तरबंद गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया।

रंग-बिरंगी रोशनी से सजी रामनगरी, सजाए गए घाट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में आज 10वां दीपोत्सव मनाया जाएगा। सरयू किनारे राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 30 लाख दीये जलाए जाएंगे। 2,147 अर्चक सरयू महाआरती करेंगे, जबकि 2,100 ड्रोन आसमान में रामायण के प्रसंग दिखाएंगे। मुख्य कार्यक्रम में 6 हजार पासधारकों को प्रवेश मिलेगा। इसके बाद आम श्रद्धालु भी राम की पैड़ी पहुंचकर दीपोत्सव देख सकेंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। दीपोत्सव में करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

दिल्ली में एक्यूआई 380, 5वीं तक स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई

मप्र में ठंड बढ़ी, तापमान 12 डिग्री



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता हा रहा है। शनिवार को इंडिया गेट के आसपास एक्यूआई 380 दर्ज किया गया। हवा की क्वालिटी खराब होने के चलते दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-।।। लागू कर दिया गया है। पांचवी कक्षा तक के स्कूलों में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों) में पढ़ाई कराई जाएगी।

मध्य प्रदेश में दिवाली के साथ ठंड ने भी दस्तक दे दी है। शुक्रवार रात इंदौर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शहडोल व दमोह में तापमान 12.2 डिग्री और भोपाल-पचमढ़ी में 12.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। अगले 4 दिन में तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट आएगी। दिल्ली की तरह राजस्थान में भी हवा की क्वालिटी खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। शनिवार सुबह भिवाड़ी (खैरथल-तिजारा) में एयर क्वालिटी इंडेक्स 300 से ऊपर दर्ज किया गया। प्रदेश में अजमेर समेत कई जिलों में हल्के बादल छाए हैं। अलवर में सुबह कोहरा रहा। शुक्रवार को पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान 35 से 38 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।



महाकाल श्रृंगार



रजत ॐ, बिल्वपत्र मुकुट-रुद्राक्ष माला से सजे बाबा महाकाल

अपनेतक

फर्जी एडवाइजरी चलाना अब ठगी का नया संगठित कारोबार

जनता को सपनों का लालच देकर उनकी मेहनत की कमाई पर हाथ साफ करने वाले ठगों का खेल आखिरकार बेनकाब हो गया। शेयर बाजार में निवेश और मोटे मुनाफे का भरोसा दिलाकर फर्जी एडवाइजरी चलाना अब ठगी का नया संगठित कारोबार बनता जा रहा है। विजय नगर में पुलिस ने ऐसे ही आठ कथित जालसाजों को पकड़कर उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। सात कबूतर और एक मैना की यह टोली लोगों को अपने जाल में फंसाकर खुद मेवा चबा रही थी। सवाल सिर्फ आठ लोगों की गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि ऐसे फर्जी वित्तीय सलाहकारों के उस नेटवर्क का है, जो भरोसे को हथियार और लालच को कारोबार बनाकर लोगों की जमा-पूंजी लूट रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई स्वागतयोग्य है, लेकिन असली सफलता तब होगी जब इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, ठगी की रकम और इसके शिकार लोगों का भी खुलासा हो। क्योंकि ठगों का नशा उतारना जरूरी है, लेकिन जनता की गाढ़ी कमाई बचाना उससे भी ज्यादा जरूरी है।

लगातार आठवें वर्ष बस्तियों में बांटी खुशियां, महिलाओं को साड़ियां और बच्चों को दिए पटाखे

उज्जैन। दीपावली पर्व पर समाजसेवी जयसिंह यादव ने विक्रम नगर बस्ती, ब्रिज के नीचे और शहर के अन्य क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों के साथ खुशियां बांटी। उन्होंने लगातार आठवें वर्ष बच्चों को मिठाई, नमकीन व पटाखे तथा महिलाओं को नई साड़ियां और अनाज वितरित किया।

हर मां नई साड़ी पहनकर दीपावली मनाए, इसी उद्देश्य के साथ यह सेवा कार्य बीते आठ वर्षों से निरंतर जारी है। इस वर्ष भी सामग्री वितरण के दौरान बस्ती के बच्चों में भारी उत्साह और इंतजार देखने को मिला। त्योहार के मौके पर अपनत्व के साथ साड़ियां, अनाज के पैकेट और पटाखे पाकर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी छा गई।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी से मिले समिति पदाधिकारी



उज्जैन। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी से सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। समिति अध्यक्ष मनोज रावत के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात में आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों और संगठन की सेवा गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। भेंट के दौरान पदाधिकारियों ने महंत रवींद्र पुरी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत और सम्मान किया। समिति सदस्यों ने शहर व प्रदेश में किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक और जनकल्याणकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सिंहस्थ महापर्व 2028 के दौरान संगठन द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों और आगामी योजनाओं से भी अवगत कराया। पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति, धर्म और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। धार्मिक आयोजनों में जनसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाना संगठन की प्राथमिकता है।

त्यौहार की खरीद में जिधर देखो उधर बाजार में लगा यातायात में जाम, जहां देखों वहां पार्किंग

-शाम को कई क्षेत्रों में वाहन चले नहीं,रेंगने के हालात बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ की तैयारी में लगे शहर में दीपावल पर्व की शुरूआत में धनतेरस पर त्यौहार की खरीद में जिधर देखो उधर बाजार में यातायात का जाम लगा रहा। चौपहिया वाहनों की जहां देखों वहां पार्किंग से परेशानी खडी होती रही और कुछ कुछ देर में जाम के हालात बनते और खुलते रहे। शाम के समय में कई क्षेत्रों में वाहन चले नहीं,रेंगने के हालात देखे गए हैं।

शुक्रवार को बाजार क्षेत्रों में शहर सिमट आया था। दिन के समय तो फिर भी हालत ठीक रही । अपरांह के समय से बाजार में खरीददारों की भीड उमडने लगी और उसके साथ ही यातायात जाम के हालात भी बनते रहे । यहां तक की रात होने की स्थिति में फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज एवं चामुंडा चौराहा पर भी यही हालात देखे गए हैं।

चामुंडा चौराहा शहर के सबसे व्यवस्ततम चौराहा में शामिल है। यहां एलिवेटेड ब्रिज को लेकर काम पहुंच चुका है।चौराहा से आगर रोड की और जाने वाला मार्ग खुला हुआ है लेकिन आगर रोड से देवासगेट के लिए जाने वाला मार्ग काम के चलते अवरूद्ध है। इस चौराहा पर फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज से आने वाला ,प्रेमछाया से फ्रीगंज जाने वाला,देवास गेट से आगर रोड की तरफ जाने वाला यातायात बराबर चल रहा है। ब्रिज निर्माण के लिए यहां काम के चलते यातायात छतरी तक पतरे लगा दिए गए हैं। ऐसे में त्यौहार पर यहां चार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी यातायात नियंत्रित करने के लिए लगाई गई उसके बाद भी यातायात यहां बराबर देर रात तक उलझता रहा है। पुलिस कर्मियों की जमकर कवायद के बाद ही यह स्थिति रही की कुछ कुछ देर में यातायात खुलता और उलझता रहा है।

चामुंडा माता चौराहा से फ्रीगंज ओव्हरब्रिज के बीच सडक के दोनों और के फूटपाथ पर अन्यानेक सामग्री के विक्रेताओं के बैठने एवं खरीदारों के पहुंचने के चलते आवागमन में परेशानी के हाल दिन से ही बन रहे थे । ऐसे में ओव्हरब्रिज से लोहिया पेट्रोल पंप ,अग्नि अखाडा ,माता जी की धर्मशाला,देवास गेट वाला मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए डायवर्ट किया गया था। इस मार्ग से वाहनों के आवागमन बराबर बने रहे।

फ्रीगंज में सहयोगी मार्ग भी जाम-

सुलभ आवागमन के लिए फ्रीगंज के मुख्य बाजार में मात्र दो पहिया वाहनों का आवागमन जारी रखा गया था। ऐसे में चौपहिया वाहनों को आसपास के सहयोगी मार्ग पर ही लोगों ने खडा किया और खरीदी करने निकल पडे। वाहनों की पार्किंग के कारण सहयोगी मार्गों पर भी जाम के हालात बन गए। इन वाहनों को हटवाने में पुलिस को खासी मशक्कत करना पडी। पुराने शहर के नईसडक, पटनी बाजार, दौलतगंज, लक्कडगंज क्षेत्र की गलियों में भी एक जैसे ही हाल बने रहे। कभी जाम तो कभी आम की तरह यातायात रेंगता रहा है। खरीददारों ने चाहे जहां वाहन पार्क कर दिए जिससे आवागमन में बाधा के हाल बने रहे।

इस बार गज वाहन पर आएंगी महालक्ष्मी:बुधादित्य योग में होगा पूजन

इस साल दीपावली रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन बुधादित्य योग रहेगा। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार, इस बार माता महालक्ष्मी गज वाहन पर सवार होकर आएंगी। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार, रविवार को दीपावली पड़ना और माता का गज वाहन पर आगमन व्यापार, व्यवसाय और किसानों के लिए शुभ संकेत है। ज्योतिषाचार्य अमर डिब्बेवाला के अनुसार, कार्तिक कृष्ण पक्ष की एकादशी से पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत हुई है। कार्तिक मास को 12 महीनों में विशेष महत्व दिया गया है। इस महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष में कई प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें रमा एकादशी, गौवत्स द्वादशी, धनतेरस, धन्वंतरि जयंती, नरक चतुर्दशी और दीपावली प्रमुख हैं। वहीं, शुक्ल पक्ष में अन्नकूट, भाई दूज, सौभाग्य पंचमी, सूर्य छठ पूजा, गोपाष्टमी, आंवला नवमी, देव प्रबोधिनी एकादशी, वैकुंठ चतुर्दशी और कार्तिक पूर्णिमा मनाई जाती है। मान्यता अनुसार, भारतीय ज्योतिष शास्त्र में तिथियों की गणना स्थानीय मानक समय और भारतीय मानक समय के अंतर के कारण अलग-अलग स्थितियां बनाती है। इसी वजह से कुछ त्योहारों की तिथियों को लेकर स्थिति स्पष्ट करना जरूरी है।

दीपावली से पहले सड़कों से हटे धूल व सीवरेज मलबा, वायु प्रदूषण मापने के लिए लगें यंत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर्व से पूर्व शहर की बदहाल सड़कों और उन पर जमा धूल को लेकर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने चिंता जताई है। उन्होंने नगर निगम और जिला प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग करते हुए कहा है कि दीपावली पर फूटने वाले पटाखों की ध्वनि और कंपन से सड़कों पर पड़ी धूल उड़ेगी। इससे पूरे शहर में वायु प्रदूषण के साथ अंधकार जैसी स्थिति निर्मित होगी। बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और निगरानी के लिए शहर में तत्काल वायु प्रदूषण मापक यंत्र लगाए जाने चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने मांग की है कि शहर भर में काम कर रहे समस्त ठेकेदारों और एजेंसियों को सड़क पर पड़ी मिट्टी और मलबा तत्काल उठाने के निर्देश दिए जाएं। सड़कों को साफ करवाकर उन्हें धोने की व्यवस्था की जाए। सीवरेज कार्य में लगी एजेंसियों ने सड़कों को खोदकर छोड़ दिया है और कर्मचारी अवकाश पर चले गए हैं। खोदी गई सड़कों से अतिरिक्त मटेरियल को हटाया जाए और कच्चे स्थानों व गड्ढों में चूरी गिट्टी डालकर मार्ग सुगम बनाया जाए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करने की मांग की है कि सड़क किनारे एकत्रित धूल को तत्काल हटाया जाए। धूल भरी सड़कों पर रात के समय मशीनों के माध्यम से सफाई कराई जाए। पटाखों के कारण उड़ने वाली धूल और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए निगम प्रशासन पूरे शहर में पानी का छिड़काव करे। साथ ही शहर के समस्त फव्वारों को चालू किया जाए ताकि धूल हवा में न उड़े और आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचाया जा सके।

उज्जैन के फूलों से महकेंगे यूपी-गुजरात-पंजाब में पूजा घर

मंडी में रोज 50 पिकअप पहुंच रहीं; गेंदा 50 और गुलाब-सेवंती 120 से 140 रुपए किलो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली पर घर-आंगन सजाने से लेकर मंदिरों में पूजा और बाजारों की सजावट तक फूलों की मांग बढ़ गई है। इसका असर उज्जैन की फूल मंडी में भी दिखाई देने लगा है। यहां फूलों की आवक और भाव दोनों में तेजी आई है। खास बात यह है कि उज्जैन मंडी के फूल शहर और आसपास के जिलों तक ही नहीं, बल्कि गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश के बाजारों तक भी पहुंच रहे हैं। इन दिनों मंडी में रोजाना करीब 40 से 50 पिकअप गाड़ियां फूल लेकर पहुंच रही हैं। प्रत्येक गाड़ी में औसतन 20 क्विंटल माल आता है।

फूल मंडी के व्यापारी मुकेश बारोड़ के मुताबिक, पिछले दो दिनों में फूलों के भाव में तेजी आई है। फिलहाल गेंदा 50 रुपए किलो और गुलाब व सेवंती 120 से 140 रुपए किलो तक बिक रहे हैं। दीपावली नजदीक आने के साथ मांग के अनुसार भाव में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

उज्जैन मंडी में आगर, नागदा, उन्हेल, जावरा और आसपास के गांवों के किसान फूल लेकर पहुंच रहे हैं। करीब 60 से 80 किलोमीटर के दायरे से फूलों की आवक हो रही है। दीपावली के चलते मंडी में इनकी मांग और कारोबार दोनों बढ़े हैं।



गुजरात, पंजाब और यूपी तक सप्लाई

उज्जैन की फूल मंडी से अहमदाबाद, वडोदरा, लुधियाना, कानपुर, लखनऊ और बनारस तक फूल भेजे जा रहे हैं। इस तरह उज्जैन की मंडी से निकले फूल दीपावली पर दूसरे राज्यों के घरों, मंदिरों और बाजारों की सजावट में भी इस्तेमाल हो रहे हैं।

नरक चतुर्दशी पर दीप श्राद्ध की परंपरा

नरक चतुर्दशी ब्रह्म मुहूर्त का पर्व है। इस दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पितरों के निमित्त उल्का दान यानी दीप श्राद्ध करने की परंपरा है। इसलिए इसे प्रातःकाल का पर्व माना गया है। चतुर्दशी तिथि 8 नवंबर को सुबह 11:30 बजे तक रहेगी। इसके बाद अमावस्या शुरू हो जाएगी।

2026 को समाप्त छमाही के दौरान निगम का कर पश्चात लाभ 25,568 करोड़

छमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के लिए स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को अनुमोदित एवं स्वीकृत कर लिया है। निगम के स्टैंडअलोन प्रदर्शन की प्रमुख उपलब्धियां निम्नलिखित हैं। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान निगम का कर पश्चात लाभ 25,568 करोड़ रहा, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 21,040 करोड़ था।

इस प्रकार इसमें 21.52% की वृद्धि दर्ज की गई। प्रथम वर्ष प्रीमियम आय (आईआरडीएआई के अनुसार) के आधार पर बाजार हिस्सेदारी की दृष्टि से एलआईसी भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है तथा 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान इसकी कुल बाजार हिस्सेदारी 58.77% रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 59.41% थी। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत व्यवसाय में एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी 37.51% तथा समूह व्यवसाय में 70.45% रही। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान कुल प्रीमियम आय 2,74,269 करोड़ रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 2,45,680 करोड़ थी जो कि 11.64% की वृद्धि दशार्ती है।

30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत नव व्यवसाय प्रीमियम आय 14.86% की वृद्धि दर्ज करते हुए 32,725 करोड़ रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 28,491 करोड़ थी। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत नवीनीकरण प्रीमियम आय 1,27,950 करोड़ रही, जबकि 30 सितंबर, 2025 को समाप्त छमाही में यह 1,22,224 करोड़ थी। इस प्रकार इसमें 4.68% की वृद्धि दर्ज की गई। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान व्यक्तिगत व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 6.61% की वृद्धि दर्ज करते हुए बढ़कर 1,60,675 करोड़ हो गई, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 1,50,715 करोड़ थी। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान समूह व्यवसाय की कुल प्रीमियम आय 1,13,594 करोड़

सिंहस्थ के लिए 189 करोड़ की रेल लाइन का विरोध

किसान बोले- 3-4 करोड़ की जमीन 60 लाख में नहीं देंगे; खाली हाथ लौटी सर्वे टीम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन में प्रस्तावित 189 करोड़ रुपए की रेलवे बायपास परियोजना का किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नईखेड़ी से चिंतामन तक 8.60 किमी लंबी रेल लाइन का सर्वे करने पहुंची टीम को किसानों ने घेर लिया।

किसानों का आरोप है कि रेलवे ने 4-5 बार अलाइनमेंट बदला है। अब पांच गांवों के 85 सर्वे नंबरों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है। किसान मुआवजे से भी नाराज हैं।विरोध के चलते तहसीलदार, पटवारी और रेलवे अधिकारियों को बिना सर्वे लौटना पड़ा।

किसानों के मुताबिक, जमीन की बाजार कीमत 3-4 करोड़ रुपए प्रति बीघा है, जबकि 15 लाख रुपए की गाइडलाइन के हिसाब से चार गुना यानी करीब 60 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही जा रही है। किसानों ने पहले अलाइनमेंट और मुआवजे का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की है। प्रस्तावित रेलवे लाइन के लिए दाउदखेड़ी, चिंतामन, मोहनपुरा, मंगरोला और उज्जैन कस्बा के 85 सर्वे नंबरों की जमीन चिह्नित की जा रही है। किसानों का कहना है कि शुरूआत में ऐसे रूट के विकल्पों पर विचार हुआ था, जिनमें कम जमीन का अधिग्रहण होता और निर्माण लागत भी कम आती।

बाद में अलाइनमेंट बदला गया और अब पटरी उनके खेतों की ओर डाली जा रही है। किसानों को यह भी स्पष्ट नहीं है कि किसकी कितनी जमीन अधिग्रहित होगी। उनका आरोप है कि बार-बार रूट बदलने से प्रभावित किसान असमंजस में हैं। किसानों ने रेलवे लाइन के अलाइनमेंट पर कोर्ट में भी आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि रेलवे अधिकारियों ने कोर्ट में जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।



शिप्रा तट और ऐतिहासिक स्थलों पर जारी रहेगा स्मृति पौधारोपण अभियान

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन को पारिजात नगरी बनाने और मोक्षदायिनी शिप्रा को प्रदूषण मुक्त करने के संकल्प के साथ 5 नवंबर को जिला न्यायालय परिसर में स्मृति पौधारोपण किया गया। आचार्य सत्यम मालव रक्षा अनुष्ठान के तहत संविधान निर्मात्री समिति के सदस्य व स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कन्हैयालाल मानना, स्वर्गीय गोवर्धनलाल ओझा और अधिवक्ता स्वर्गीय किशोर भट्टाचार्य की स्मृति में स्वर्ण चंपा और पारिजात के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में अधिवक्ता मनीष मानना ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने अपील की कि स्मृति पौधारोपण अभियान को उज्जैन नगर, विशेषकर शिप्रा किनारे और ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के स्थलों के आसपास निरंतर जारी रखा जाए।

दीपावली विशेषः अकाल मृत्यु से रक्षा के लिए दीपदान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को ही नरक चौदस या रूप चौदस कहते हैं। धनतेरस के अगले दिन आनेवाली नरक चौदस को ही छोटी दीपावली भी माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा के साथ मिलकर अत्याचारी राक्षस नरकासुर का वध किया था इसलिए इस दिन भगवान कृष्ण की विशेष पूजा आराधना का विधान है। भक्त ,श्रीकृष्ण के मंदिरों मे दर्शन करते हुए मोक्ष की कामना करते हैं।

घर के मुख्य द्वार पर चौमुखा दीपक

नरक चतुर्दशी को मृत्यु के देवता यमराज को प्रसन्न करने का दिन माना गया है। इस दिन प्रदोष काल मे आटे से बना हुआ या मिट्टी का दीपक,सरसों के तेल से भरकर चार बाती प्रज्जवलित करके घर की दक्षिण दिशा मे रखना चाहिए इसके अलावा ऐसा चौमुखी दीपक घर के मुख्य द्वार के बांयी तरफ रखने का भी विधान है। पौराणिक मान्यतानुसार शाम के समय किसी पवित्र नदी या तडाग के किनारे पर दीपदान का भी महत्व है। ऐसा करने से अकाल मृत्यु का भय नहीं होता है।



यमराज की आराधना

रूपचौदस पर प्रातः अभ्यांग स्नान का महत्व है। इस दिन सूर्योदय से पूर्व तिल के तेल या उबटन से नहाने का विशेष महत्व है। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की स्तुति उपरांत मृत्यु के देवता यमराज की आराधना करते हुए उनके चौदह नाम का स्मरण करने से अकाल मृत्यु नहीं होती और मोक्ष की प्राप्ति होती है।यमराज के चौदह नाम हैं : यम, धर्मराज,मृत्यु, अंतक, वैवस्वत, काल,सर्वभूतक्षय, औदुम्बर, दध्न, नील,परमेष्ठी, वृकोदर, चित्र, चित्रगुप्त।

चौदह दीप प्रज्जवलित करना शुभ

रूपचौदस पर शाम के समय चौदह दीपक प्रज्जवलित करके पूजाघर, रसोईघर, तुलसी क्यारा, मुख्य द्वार व घर की मुंडेर या बालकनी मे लगाने का विधान है।

लोकमान्य तिलक कॉलेज में युवा उत्सव, विद्यार्थी करेंगे जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व

रंगोली, गायन, नृत्य सहित कई स्पधाओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोकमानय तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का समापन हुआ। 3 से 5 नवंबर तक आयोजित इस उत्सव की विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अब अंतर-महाविद्यालयीन जिला स्तरीय स्पधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

युवा उत्सव के अंतर्गत कॉलेज में रंगोली, भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर मेकिंग, एकल व समूह गायन, एकल व समूह नृत्य, मिमिक्री, एकांकी नाटक, मूक अभिनय और कोलाज जैसी कई स्पधाएं हुईं। इनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को आगामी स्पधाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, सचिव अर्जुन कानडी एवं कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव ने आयोजन की सफलता पर स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम की रूपरेखा और सभी स्पधाओं का सफलतापूर्वक संचालन संयोजिका डॉ. नितिशा तोषनीवाल, समिति सदस्य डॉ. ममता पंड्या एवं प्रोफेसर सोनल गोधा ने किया।



उज्जैन
शनिवार
07
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

दर्शनध्यानसंस्पर्शैर्मत्स्यी कूर्मी च पक्षिणि।
शिशु पालयते नित्यं तथा सज्जनसंगतिः॥

अर्थः जैसे मछली, मादा, कछुवा और चिड़ियां अपने बच्चों का पालन क्रमशः देखकर, ध्यान देकर तथा स्पर्श से करती हैं, उसी प्रकार सत्यसंगति भी हर स्थिति में मनुष्यों का पालन करती है।

खबर एक नजर...

आरएसएस की बैठक के बाद डेली कॉलेज में नया विवाद

इंदौर। डेली कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के बाद नया विवाद खड़ा हो गया है। कॉलेज के बोर्ड मेंबर और कांग्रेस सरकार में पूर्व ऊर्जा मंत्री रहे प्रियव्रत सिंह खिंची ने कॉलेज परिसर में राजनीतिक और वैचारिक संगठनों के आयोजनों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बोर्ड को लंबा ई-मेल भेजकर आरएसएस की बैठक, स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने की तैयारी और संस्थान की नीतियों पर आपत्ति जताई है। मामले में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस और प्रियव्रत सिंह पर निशाना साधा है। इसके बाद कॉलेज का मामला राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। प्रियव्रत सिंह ने ई-मेल में लिखा है कि डेली कॉलेज का करीब 150 साल पुराना गौरवशाली इतिहास है। संस्थान की अपनी शैक्षणिक और सार्वजनिक पहचान रही है। उनके मुताबिक, परिसर में पहले कभी किसी तरह की मूर्ति नहीं लगाई गई थी। देवी अहिल्या की प्रतिमा को मंजूरी मिलने से पहले यहां केवल सर हेनरी डेली की प्रतिमा थी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगाने की तैयारी पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस तरह के फैसलों से संस्थान की निष्पक्षता और मूल पहचान प्रभावित हो सकती है।

इंदौर में जमीन के सौदे में धोखाधड़ी...3 पर एफआईआर

इंदौर। इंदौर क्राइम ब्रांच ने बेशकीमती जमीन के सौदे में धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपियों ने जमीन के सौदे में कुछ राशि कारोबारी को नकद दी, जबकि बाकी राशि के बदले एक संस्था की जमीन का इकरारनामा कर दिया। बाद में संबंधित संस्था की ओर से जमीन को लेकर आपत्ति जताई गई, तो पीड़ित ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई। क्राइम ब्रांच ने 62 वर्षीय रमेन जोशी निवासी फैंटेसी कॉलोनी, बिचौली हप्सी की शिकायत पर सुनील कुमार भाटिया, महेंद्र जैन और संदीप के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों आरोपी एसेट्स क्रिएटर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी चलाते हैं। रमेन जोशी की मनोरमागंज में 10 हजार स्क्वायर फीट से अधिक जमीन थी, जिसका सौदा 1 करोड़ 69 लाख रुपए में तय हुआ था। इस जमीन की रजिस्ट्री 23 फरवरी 2007 को करा दी गई थी। इस सौदे में एक शर्त रखी गई थी कि ग्राम पिपल्याहाना स्थित 1.5 एकड़ जमीन, सर्वे नंबर 546, जो आरोपियों ने अपनी बताई थी, रमेन को दी जाएगी। इसके साथ ही 60 लाख रुपए का एक चेक भी दिया गया। रमेन ने यह चेक 3 अक्टूबर 2008 को बैंक में लगाया, तो वह बाउंस हो गया। बाद में पीड़ित को पता चला कि पिपल्याहाना की जो जमीन उन्हें दी गई थी, वह इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित थी और एक अन्य संस्था की थी।

ड्यूटी खत्म कर घर पहुंचे हेड कॉन्स्टेबल की मौत

इंदौर। मल्हारगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पुलिसकर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक संजय (38), पिता नाथूसिंह अजनार, निवासी चौथी पल्टन, पलासिया थाने में हेड कॉन्स्टेबल के पद पर पदस्थ थे। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह नाइट शिफ्ट खत्म होने के बाद संजय पलासिया थाने से घर पहुंचे थे। तभी अचानक उन्हें घबराहट के साथ सीने में तेज दर्द हुआ। घर पर पत्नी और दो बच्चे मौजूद थे। उन्होंने तुरंत रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी और संजय को अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, संजय मूल रूप से झाबुआ के रहने वाले थे। उन्हें पुलिस विभाग में सेवा देते हुए करीब 15 साल हो चुके थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। वहीं दूसरी घटना रेडिसन होटल के पास मेट्रो स्टेशन की है। यहां पर खजराना थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक रेडिसन होटल के पास किराए के मकान में रहता था। अलसुबह किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई।

रॉन्ग साइड से आई बाइक ने दंपति को टक्कर मारी

पीथमपुर। पीथमपुर सेक्टर-1 थाना क्षेत्र में महू-नीमच मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में एक दंपति घायल हो गया। महिला के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पुरुष हादसे के बाद अचेत हो गया। टक्कर मारने वाली बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, बाइक गलत दिशा से आ रही थी। उसने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। दंपति इसी बाइक पर सवार था। सूचना मिलने पर सेक्टर-1 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने हादसे में शामिल दोनों बाइक जब्त कर ली हैं। गलत दिशा से आ रही बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी पहचान कर तलाश कर रही है। घायल दंपति की पहचान करने की भी कोशिश की जा रही है।

इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित महालक्ष्मी-नारायण मंदिर में 28 लाख रुपए से सजावट

नोटों से बनाए कलश, हार और आभूषण, धनतेरस पर भक्तों ने गहने चढ़ाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित महालक्ष्मी-नारायण मंदिर में दीपावली के अवसर पर 28 लाख की लागत से आकर्षक सजावट की गई। शहर के कम चर्चित मंदिरों में शामिल इस मंदिर में हर साल दीपावली पर विशेष शृंगार किया जाता है।

इस बार अब तक की सबसे महंगी सजावट की गई है। इसमें नोटों से कलश, हार, गाड़ी और अन्य आभूषण तैयार किए गए हैं। मंदिर में धनतेरस से दीपावली तक उत्सव का माहौल बना हुआ है।

अष्टलक्ष्मी में से वैभव लक्ष्मी का किया विशेष शृंगार- धनतेरस और दीपावली के अवसर पर अष्टलक्ष्मी में से वैभव लक्ष्मी का 28 लाख पांच सौ रुपए के नोटों से शृंगार किया गया। मराठिया व्यापारी संघ की ओर से दान-दक्षिणा के रूप में यह राशि उपलब्ध कराई गई।



पुजारी के दादाजी को सपने में हुई थी भगवान की उपस्थिति का आभास

मंदिर के पुजारी ध्रुव शर्मा ने बताया कि उनके दादाजी को सपने में भगवान ने अपनी उपस्थिति का आभास कराया था। भगवान ने उन्हें बताया कि वे यहां विराजमान हैं और उन्हें इस स्थान से बाहर निकालने के लिए कहा। इसके बाद उनके दादाजी ने मंदिर का निर्माण करवाया। तब से धीरे-धीरे भक्तों की आस्था इस मंदिर से जुड़ती गई और यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना होने लगी।

धनतेरस पर खरीदे गहने पहले माता को किए अर्पित

- मंदिर में भक्तों की आस्था का एक अलग रूप भी देखने को मिला। कई भक्तों ने धनतेरस पर खरीदे नए आभूषण पहले माता को अर्पित किए। इन गहनों को अपनी संपत्ति के बजाय माता की संपत्ति मानकर उन्हें समर्पित किया।
- पूजा के बाद भक्त अपने आभूषण वापस अपने साथ ले गए। इस परंपरा के पीछे भाव यही है कि व्यक्ति अपनी प्रिय और मूल्यवान वस्तु भी पहले भगवान को अर्पित कर स्वयं को उनकी कृपा और संरक्षण के प्रति समर्पित करता है।

नोटों से तैयार किए गए सभी आभूषण और सजावटी सामग्री दीपावली का पर्व संपन्न होने के बाद व्यापारियों को लौटा दी जाती है।

इंदौर-देवास बायपास की बदहाली पर हाईकोर्ट सख्त

एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर को व्यक्तिगत रूप से होना होगा पेश, 22 दिसंबर को अगली सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर-देवास बायपास की बदहाल स्थिति और सड़क के रखरखाव में लापरवाही को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, पीआईयू इंदौर को याचिकाकर्ता की शिकायतों और आपत्तियों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही अगली सुनवाई पर कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने और प्रोजेक्ट डायरेक्टर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सड़क के बेहतर रखरखाव की भविष्य की कार्ययोजना बताने को कहा है। मामले की सुनवाई 28 अक्टूबर 2026 को जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की खंडपीठ में हुई। टअअळफ फाउंडेशन की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि इंदौर-देवास बायपास पर जगह-जगह गड्ढे हैं।

सड़क कई स्थानों पर असमतल और फिसलन भरी हो गई है। इसके अलावा जलभराव, जाम नालियां, खराब दृश्यता, पुल-पुलियाओं में दरारें और सर्विस रोड व अंडरपास की जर्जर स्थिति के कारण वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।



याचिकाकर्ता के अधिकार पर सवाल उठाने से कोर्ट नाराज

सुनवाई के दौरान एनएचएआई की ओर से याचिका याचिकाकर्ता के अधिकार पर सवाल उठाए गए। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सार्वजनिक हित से जुड़े सड़क रखरखाव के मुद्दों पर जवाब देने के बजाय प्रतिवादी पक्ष का जोर याचिकाकर्ता के अधिकार पर सवाल उठाने पर रहा। कोर्ट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का निराकरण कर अगली सुनवाई पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बताएं कि भविष्य में बायपास की सड़कों का नियमित और प्रभावी रखरखाव किस तरह सुनिश्चित किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर 2026 को निर्धारित की गई है।

रखरखाव होने तक टोल वसूली बंद करने की मांग- याचिकाकर्ता ने सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए उचित रखरखाव सुनिश्चित होने तक टोल वसूली तत्काल बंद करने की मांग की। याचिका में सड़क सुरक्षा और रखरखाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं होने का मुद्दा भी उठाया गया। इसके समर्थन में सड़क की ताजा रंगीन तस्वीरें भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गईं।

खुड़ैल में गमी कार्यक्रम के दौरान की हत्या

बहन की लव मैरिज से नाराज नाबालिग भाई ने जीजा के सीने में चाकू घोंपा, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

खुड़ैल थाना क्षेत्र में बहन की लव मैरिज से नाराज 16 वर्षीय नाबालिग ने अपने जीजा की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना बुधवार रात नीलगिरी परिसर में गमी के कार्यक्रम के दौरान हुई। मृतक दीपक (22) पिता गोपाल निवासी बरोठा (देवास) ने दो साल पहले गांव की युवती से प्रेम विवाह किया था।

टीआई कर्णी सिंह शक्तावत के मुताबिक, दीपक बुधवार को अपनी बड़ी सास के गमी कार्यक्रम में आया था। रात को घर में भजन-कीर्तन चल रहा था। करीब 2 बजे उसकी चीख सुनकर परिजन दौड़े। दीपक टेंट की आड़ में चाकू के हमले से घायल मिला। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। युवती का परिवार पहले नाराज, फिर मेलजोल बढ़ा लव मैरिज के बाद कुछ दिनों तक युवती के परिजनों ने दोनों से दूरी बना ली थी। बातचीत भी बंद कर दी थी। हालांकि, कुछ समय बाद परिवार में फिर मेलजोल शुरू हुआ और दीपक का ससुराल आना-जाना होने लगा था। आरोपी बोला... धमकाया तो गुस्से में कर दिया हमला गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी साले ने बताया, दीपक उससे बात नहीं करने पर धमका रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और गुस्से में उसने सब्जी काटने वाले चाकू से जीजा के सीने पर हमला कर दिया।



कारोबारियों का दावा

प्रदेश की कई शराब दुकानों का 30 फीसदी स्टॉक पड़ोसी राज्य में पहुंच रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में शराब के महंगे ठेकों का गणित गुजरात के ड्राई स्टेट से जुड़ा है। इन्वेस्टिगेशन में सामने आया है कि भारी ठेकेदार भारी मुनाफा कमाने और स्थानीय बाजार में पूरा स्टॉक न बिकने पर अपना नुकसान कम करने के लिए लाइसेंसी दुकानों का वैध स्टॉक अवैध तरीके से दूसरे राज्यों में भेज रहे हैं। इसके लिए बाकायदा 5 नए कॉरिडोर भी तैयार कर लिए गए हैं। जिनमें कड़ी सुरक्षा के बीच ट्रकों से माल पड़ोसी राज्य भेजा जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस नेटवर्क के जरिये हर दिन करीब 8 से 10 ट्रक सीमा पार किए जा रहे हैं। शराब कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और प्रदेश के दूसरे जिलों से अतिरिक्त स्टॉक इंदौर के रास्ते सीमावर्ती जिलों तक पहुंचता है। इनके अनुसार एक हजार पेटी शराब के एक ट्रक की कीमत 25 से 35 लाख रुपए होती है। कई शराब दुकानों का करीब 30 फीसदी माल अवैध तरीके से गुजरात तक पहुंच रहा है। आबकारी विभाग 7 महीने में केवल 5.19 करोड़ की कुल 67,450 लीटर शराब ही पकड़ पाया है।

अंजलि की मौत के मामले में विनय हिरासत में, कार्रवाई के डर से पवन ने खाया जहर

ब्लैकमेल कर रहे थे सहकर्मी...सुसाइड के बाद भी किए कॉल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती के सुसाइड मामले में पुलिस ने उसके दो सहकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। युवती अंजलि को विनय वर्मा और पवन पाटिल कथित तौर पर ब्लैकमेल कर परेशान कर रहे थे।

दोनों युवती की मां को फोटो, मैसेज और अनर्गल बातें लिखते थे। पुलिस ने विनय को हिरासत में लिया है, जबकि कार्रवाई के डर से पवन ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अंजलि तिरुमाला कॉलोनी में रहती थी और एक फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। बुधवार रात उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 2 बजे परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवती की मौत के पहले और बाद में विनय वर्मा नाम के युवक के लगातार कॉल आ रहे थे। पुलिस ने मोबाइल की जांच की तो पवन पाटिल की भूमिका भी सामने आई।



मां को फोटो और मैसेज भेजकर करते थे परेशान

डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के मुताबिक, विनय और पवन दोनों युवती के साथ ही कंपनी में काम करते थे। दोनों लगातार अंजलि की मां को फोटो, मैसेज और अनर्गल बातें भेजकर परेशान कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, इसी प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाया।

अंजलि के सुसाइड के बाद भी दोनों युवकों के कॉल आते रहे। मोबाइल की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर पुलिस ने विनय को हिरासत में लिया है।

- **कार्रवाई के डर से पवन ने खाया जहर-** पुलिस के मुताबिक, मामला सामने आने के बाद कार्रवाई के डर से पवन पाटिल ने जहर खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।
- **पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई-** पुलिस का कहना है कि युवती की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दोनों युवकों के युवती के सहकर्मी और परिचित होने के कारण उसके साथ गलत फायदा उठाने की बात सामने आई है। जांच के बाद मामले में अन्य अहम तथ्य सामने आने की संभावना है।

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की गिरफ्तारी के निर्देश

महू कोर्ट ने मुंबई पुलिस को सौंपी जिम्मेदारी, 25 लाख के चेक बाउंस का मामला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। 25 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में महू की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

राजपाल यादव कई बार सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए। इससे पहले उनके खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद वे अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने मुंबई पुलिस को अभिनेता के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगली सुनवाई से पहले महू कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। यह मामला महू निवासी फिल्म फाइनेंसर प्रकाश जाजू की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के मुताबिक, राजपाल यादव और प्रकाश जाजू के बीच 25 लाख रुपए का लेनदेन हुआ था। इस रकम को लौटाने के लिए राजपाल यादव की ओर से बाद की तारीख के चेक दिए गए थे, जो बाउंस हो गए।



मुंबई पुलिस को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के निर्देश

अदालत ने मुंबई पुलिस को राजपाल के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राजपाल यादव को गिरफ्तार कर अगली सुनवाई से पहले महू न्यायालय के समक्ष पेश करने को कहा गया है। अब मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस की ओर से वारंट की तामीली और अदालत में अभिनेता की पेशी पर निर्भर करेगी।

चेक बाउंस मामले में पहले भी जेल जा चुके राजपाल

जून 2024 में हाईकोर्ट ने राजपाल यादव की सजा पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। कोर्ट ने उन्हें करीब 9 करोड़ रुपए का बकाया चुकाने को कहा था। हालांकि, वे तय रकम चुकाने में नाकाम रहे। इस साल 2 फरवरी को कोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने का आदेश दिया था। राजपाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद 5 फरवरी, 2026 को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। 12 दिन जेल में बिताने के बाद 17 फरवरी को उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई थी।

बैंक में लगाए तो बाउंस हो गए चेक- प्रकाश जाजू ने जब ये चेक बैंक में जमा किए, तो खाते में पर्याप्त पैसे नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गए। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई। यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा है, जिसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत केस दर्ज किया गया है।

पहले जमानती वारंट जारी हुआ, फिर भी नहीं पहुंचे- इस मामले में कोर्ट ने पहले राजपाल यादव के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। फरियादी पक्ष यानी प्रॉसिक्यूशन के वकील राधेश्याम अग्रवाल के मुताबिक, इसके बाद राजपाल यादव मुंबई पुलिस के सामने पेश हुए थे। उन्होंने तय तारीख पर कोर्ट में आकर जमानत कराने का भरोसा दिया था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी उन्होंने न तो जमानत कराई और न ही खुद कोर्ट में पेश हुए। लगातार गैरहाजिर रहने पर कोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया। इसके बाद फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फरहान एम. कुरैशी की अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर किया।

साल 2018 में मिली थी छह महीने की सजा- अप्रैल 2018 में एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव और उनकी पत्नी राधा को दोषी ठहराया था। राजपाल को छह महीने जेल की सजा सुनाई थी। इसके बाद साल 2019 की शुरूआत में सेशंस कोर्ट ने भी इस फैसले को सही ठहराया था।

खबर एक नजर...

महिलाओं ने मोक्षधाम के सामने शराब दुकान का किया विरोध

सिवनी। सिवनी दीपावली के पांच दिवसीय पर्व की शुरूआत के साथ जहां पूरा शहर धनतेरस की खुशियां मनाने और खरीदारी में व्यस्त रहा, वहीं भैरोगंज के मुंगवानी रोड क्षेत्र की महिलाएं अपने मोहल्ले में प्रस्तावित शराब दुकान के विरोध में आंदोलन करती नजर आईं। धनतेरस जैसे पावन अवसर पर भी महिलाओं का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। महिलाओं ने आंदोलन स्थल पर दीपक जलाकर अनोखे अंदाज में शराब दुकान खोले जाने के फैसले के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की और प्रशासन से दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग दोहराई। खास बात यह रही कि त्योहार की तैयारियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच भी महिलाएं अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आंदोलन स्थल पर पहुंचीं। दीपक जलाकर किए गए इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं ने एक ओर दीपावली के पर्व की परंपरा निभाई, तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को शराब दुकान से मुक्त रखने का संकल्प भी दोहराया। आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी से स्पष्ट है कि इस मुद्दे को लेकर स्थानीय रहवासियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।

सर्वर डाउन:सरकार के पास 1.80 लाख एमटी खाद ज्यादा, नेटवर्क न मिलने से अटक रहा ओटीपी

भोपाल। मप्र में इस साल कृषि विभाग ने खाद का पर्याप्त स्टॉक किया है। दावा है कि पिछले साल से 1.80 लाख मीट्रिक टन खाद अधिक है। इसके बाद भी जिलों में किसानों को खाद मिलने में दिक्कत हो रही है। अलग-अलग जिलों से मिली जानकारी के अनुसार खाद वितरण केंद्र पर तकनीकी खामी, इंटरनेट कनेक्टिविटी और ओटीपी के कारण खाद समय पर नहीं मिल पा रही है। मप्र किसान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सबसे ज्यादा छोटे और मझौले किसान परेशान हो रहे हैं। किसान संघ के पास लगातार जिलों से कॉल आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार मप्र में करीब 1 करोड़ जोतधारक किसान हैं, जिनमें 75.6% (करीब 75.65 लाख) लघु व सीमांत और 23.8% (करीब 24 लाख) अर्ध-मध्यम व मझौले किसान हैं। मौजूदा कृषि संकट में यही 99% छोटा और मझौला वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। सबसे ज्यादा दिक्कत सर्वर डाउन की है। ई-विकास पोर्टल पर सर्वर डाउन रहने से खाद का स्टॉक शून्य दिखता है। 10 मिनट की वैधता वाला ओटीपी नेटवर्क न मिलने से समय पर नहीं आता और चूकने पर 24 घंटे का इंतजार करना पड़ता है। 72 घंटे में टोकन लैप्स होने पर किसानों को दोबारा 50 रुपए की फीस देनी पड़ती है

146 करोड़ लागत, निशातपुरा भोपाल में बन रहा वंदे भारत का मेंटेनेंस हाईटेक डिपो

भोपाल। भोपाल के निशातपुरा में वंदे भारत एक्सप्रेस के फुल मेंटेनेंस हब बनने का काम शुरू हो गया है। इस हब के बनने के बाद भोपाल मंडल की 3 वंदे भारत एक्सप्रेस का फुट मेंटेनेंस भोपाल में ही हो सकेगा। अभी तक वंदे भारत के कोच को फुल मेंटेनेंस चेन्नई भेजकर होता था। वहीं, इटारसी में छोटी परेशानियों को दूर किया जाता था। लेकिन, अब यह सभी काम भोपाल में हो सकेगा। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इसके पहले चरण में 146 करोड़ रुपए की लागत से 6 नई रखरखाव लाइनें बनाई जा रही हैं। वर्तमान में रानी कमलापति डिपो पर वंदे भारत ट्रेनों की केवल साप्ताहिक जांच ही संभव हो पाती है, लेकिन इस नए डिपो के शुरू होने के बाद भोपाल में ही ट्रेनों का मध्यम व दीर्घकालिक मेंटेनेंस किया जा सकेगा। इसके पहले चरण का काम सितंबर 2027 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है।

पन्ना में मिली शृंगार करती महिला की पहली प्रतिमा

भोपाल। गुप्तकाल में महिलाएं किस तरह सजती-संवरती थीं, इसका महत्वपूर्ण पुरातात्विक प्रमाण पन्ना जिले के नचना गांव में मिला है। हाल ही में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को खुदाई में 1500 साल पुरानी शृंगार करती नायिका की प्रतिमा मिली है। करीब 20 सेमी ऊंची प्रतिमा धूसर बलुआ पत्थर से बनी है। सतह पॉलिशयुक्त है। नायिका के गले में सात लड़ियों वाला हार, कानों में कुंडल, हाथों में बाजूबंद और कंगन हैं। बालों में आकर्षक क्लिप भी लगी हैं। एएसआई ने इसे ह्यलेडी ऑफ नचनाह्न नाम दिया है। खास यह है कि यह किसी खंडित आकृति का हिस्सा नहीं, बल्कि एक पूर्ण प्रतिमा है। प्राचीन भारत में महिलाओं के शृंगार की जानकारी साहित्य व मूर्तिकला से मिलती है, लेकिन यह प्रतिमा शृंगार प्रक्रिया को दर्शाने वाला महत्वपूर्ण पुरातात्विक प्रमाण है।

हड़ताल खत्म...:शुक्र है दीपावली से पहले रोशन हुए सफाई के दीये

भोपाल। भोपाल समेत पूरे मप्र में बीते तीन दिनों से चल रही नगर निगम और नगरीय निकायों के सफाईकर्मियों की हड़ताल शुक्रवार रात खत्म हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ कर्मचारी नेताओं की हुई सीधी वार्ता के बाद अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन ने काम पर लौटने का औपचारिक ऐलान किया। शासन ने कहा कि प्रदेशभर में विनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा साथ ही 2017 तक के 29 दिवस वाले दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का विनियमितीकरण होगा।

अगले 4 दिन कहीं भी आंधी-बारिश नहीं; तापमान 12 डिग्री पहुंचा

मध्यप्रदेश में दिवाली के बाद बढ़ेगी ठंड, इंदौर ठंडा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में दिवाली के बाद ठंड का असर बढ़ेगा। मौसम केंद्र के मुताबिक, अगले 4 दिन में न्यूनतम तापमान 1 से 2 डिग्री लुढ़केगा। ऐसे में कई शहरों में यह 10-11 डिग्री पर आ सकता है। बीती रात इंदौर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। शहडोल के कल्याणपुर व दमोह में 12.2 डिग्री, शाजापुर से जुड़े गिरवर में 12.6 डिग्री, उमरिया में 12.7 डिग्री, भोपाल-पचमढ़ी में 12.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

इधर, अधिकतम तापमान की बात करें तो अमरकंटक, पचमढ़ी, मलाजखंड, बैतूल, शिवपुरी और करौंदी में 30 डिग्री या इससे कम रिकॉर्ड हुआ। दूसरी ओर, छिंदवाड़ा में पारा सबसे ज्यादा 35.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को प्रदेश में कहीं भी आंधी-बारिश का अलर्ट नहीं है। इस दिन रूपचौदस है। दिवाली वाले दिन 8 नवंबर को भी बारिश नहीं होगी। आंधी-बारिश नहीं होने से त्योहार



की खुशियों में खनन नहीं पड़ेगा। पिछले 10 साल का ट्रेंड देखें तो नवंबर के दूसरे पखवाड़े से ठंड का असर बढ़ने लगता है। इस बार भी ऐसा ही मौसम रह सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर और बढ़ेगा। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, वहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 57 साल पहले नवंबर में रात का टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उज्जैन में 53 साल पहले न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 2.3 डिग्री तक जा चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस महीने बारिश का ट्रेंड है।

इंदौर: 5.6 डिग्री तक जा चुका न्यूनतम पारा

इंदौर में ठंड का असर रहता है। खासकर दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से गिरता है। इस वजह से रातें ठंडी हो जाती हैं और टेम्प्रेचर 10 से 12 डिग्री के बीच रहता है। हालांकि, 25 नवंबर 1938 को पारा 5.6 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है। कभी-कभार बारिश भी हो जाती है। दिन में 31 से 33 डिग्री के बीच तापमान रहता है।

भोपाल: 10 साल में 3 बार बारिश हो चुकी

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में तीन बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

ग्वालियर: 1927 में 3 इंच पानी गिरा था

पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो ग्वालियर में पारा 8 डिग्री तक पहुंच चुका है। 54 साल पहले वर्ष 1970 में टेम्प्रेचर 3 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है।

रायसेन में ग्रामीण के घर पहुंचा दुर्लभ पैंगोलिन:वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रायसेन

रायसेन जिले के ग्राम खंडेरा में एक दुर्लभ पैंगोलिन अचानक ग्रामीण के घर पहुंच गया। शरीर पर अनोखे शल्क देखकर ग्रामीण घबरा गए। उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने पैंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे परिक्षेत्र रायसेन पूर्व कार्यालय लाया गया।



वनमंडल रायसेन के परिक्षेत्र रायसेन पूर्व के वृत्त अमरावद अंतर्गत बीट टीकोदा में पैंगोलिन मिला था। मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक (उहछह) से अनुमति मिलने के बाद उसे सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया है। यहां विशेषज्ञ उसकी रेडियो टैगिंग करेंगे। इसके बाद जरूरी प्रक्रिया पूरी कर उसे उपयुक्त प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया जाएगा। पैंगोलिन को वज्रशल्क भी कहा जाता है। यह स्तनधारी जीव शरीर पर मौजूद कठोर केराटिन के शल्कों के कारण पहचाना जाता है। भारत में पाया जाने वाला भारतीय पैंगोलिन दुर्लभ वन्यजीव है। खतरा महसूस होने पर यह अपने शरीर को गेंद की तरह गोल कर लेता है।

सवाल मंजूर हुआ या विचाराधीन, रियल टाइम में दिखेगा स्टेटस

शीतकालीन सत्र में पेपरलेस होगी विधानसभा, जानिए इस बार विधायकों को क्या फायदा होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का 12वां शीतकालीन सत्र 7 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। 11 दिसंबर तक चलने वाले इस 5 दिवसीय सत्र के दौरान कोई अवकाश नहीं रहेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मंजूरी मिलने के बाद विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार इस संक्षिप्त सत्र में दूसरा अनुपूरक बजट और महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराएगी। कार्यसूची के अनुसार, पहले चार दिन प्रश्नोत्तर व शासकीय कार्य होंगे, जबकि 11 दिसंबर (शुक्रवार) को दोपहर डेढ़ बजे के बाद अशासकीय कार्य लिए जाएंगे।

इस बार का सत्र तकनीकी दृष्टि से ऐतिहासिक होने जा रहा है। विधानसभा की कार्यवाही में दशकों से चली आ रही कागजी प्रक्रिया को खत्म कर नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के जरिए पूरी तरह पेपरलेस सिस्टम लागू किया जा रहा है। अब विधायक विधानसभा पहुंचे बिना भी अपने टैबलेट से सवाल लगा सकेंगे और उनके सवालों की मौजूदा स्थिति क्या है, यह पूरी तरह पारदर्शी रहेगा। विधायक अपने टैबलेट पर दिए गए ऐप आइकन या आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने व्यक्तिगत यूजर आईडी और पासवर्ड के जरिए लॉगिन करेंगे। सिस्टम को सुरक्षित रखने के लिए 8 से 15 अक्षरों का कड़ा पासवर्ड अनिवार्य किया गया है। लॉगिन करते ही विधायक के सामने डैशबोर्ड खुलता है, जहां वे पिछले पांच दिनों की अपनी डिजिटल गतिविधियां, प्रोफाइल और भेजे गए सवालों का ब्योरा देख सकते हैं। डैशबोर्ड के विकल्प में जाकर विधायक तारांकित, अतारांकित सवाल या शून्यकाल, ध्यानाकर्षण, स्थगन प्रस्ताव, अशासकीय संकल्प और याचिकाएं चुन सकते हैं। 'ठीढ' बटन पर क्लिक करके विभाग, संबंधित मंत्री और सवाल का ब्योरा भरा जाता है। जब तक सवाल केवल सुरक्षित रहता है, वह ड्राफ्ट मोड में रहेगा और स्क्रीन पर लाल पट्टी में दिखाई देगा।

सचिवालय पहुंचने की पुष्टि कैसे होगी, क्या कोई रसीद मिलेगी?

जैसे ही विधायक संतुष्ट होकर बटन दबाएंगे, सवाल तुरंत विधानसभा सचिवालय के सर्वर पर पहुंच जाएगा। सिस्टम उसी सेकंड सवाल को एक आधिकारिक डायरी नंबर जारी कर देगा और तारीख व समय दर्ज हो जाएगा। इसके साथ ही सिस्टम खुद-ब-खुद उस सवाल की एक आधिकारिक ढऊऋफाइल तैयार कर देगा, जिसे रिकॉर्ड के लिए डाउनलोड या प्रिंट भी किया जा सकता है।

जनता को कैसे पता चलेगा कि सवाल पर क्या कार्रवाई हुई?- पहले सवाल की स्थिति जानने के लिए सचिवालय की शाखाओं में संपर्क करना पड़ता था। अब मेनू में रियल-टाइम स्टेटस उपलब्ध रहेगा। स्क्रीन पर साफ दिखेगा कि सवाल अभी विचाराधीन है, मंजूर हुआ है, खारिज हुआ है या फिर उसका जवाब आ चुका है। इसके अलावा 'दथी२३ङ्घल्ल छ२३' में यह भी दर्ज होगा कि सदन की किस तारीख के लिए किस विभाग को प्रश्न क्रमांक तय किया गया है। सदन के नियमों के मुताबिक, हर सदस्य के लिए नोटिस की एक सीमा तय होती है। ठीश्अ सिस्टम में यह सीमा ऑटोमेटेड है। यदि कोई विधायक नोटिस भेजते हैं, तो सिस्टम स्क्रीन पर तुरंत अलर्ट जारी कर बता देता है कि कुल कोटे में से कितने नोटिस खर्च हो चुके हैं और अब उनके पास कितने नोटिस भेजने की लिमिट बची है।

हेल्थकैंप के नाम पर छात्राओं को राजनीतिक रैली में भेजा

विरोध करने पर नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल से मारपीट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के भोपाल नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं को हेल्थ कैंप के नाम पर राजनीतिक रैली में भेजने और इसका विरोध करने पर वाइस प्रिंसिपल के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वाइस प्रिंसिपल डॉ. पुष्पलता ने कॉलेज की प्रभारी डॉ. पुनीत गांधी पर धक्का-मुक्की और हाथापाई करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि घटना में उनके कंधे में चोट आई है। उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर, डॉ. पुनीत गांधी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

डॉ. पुष्पलता के घटना प्रतिवेदन के अनुसार, 4 नवंबर को कॉलेज की करीब 100 नर्सिंग छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। इनमें कई छात्राएं हाल ही में प्रवेश प्रक्रिया के जरिए कॉलेज में आई थीं और प्रदेश के अलग-अलग जिलों की रहने वाली थीं। छात्राओं को हेल्थ कैंप में शामिल होने का सर्कुलर जारी किया गया था और सुबह 8 बजे कॉलेज पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। कॉलेज के नोटिस में कार्यक्रम को स्वास्थ्य संबंधी गतिविधि बताते हुए माता मंदिर चौराहे से रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा और इसके बाद मंत्री के संबोधन का उल्लेख था। छात्राओं को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने और वापस लाने के लिए बसों की व्यवस्था भी कॉलेज की ओर से की गई थी।

छात्राओं के हाथ में पार्टी के झंडे, लगाए नारे

डॉ. पुष्पलता का आरोप है कि छात्राओं को मेडिकल हेल्थ कैंप के बजाय राजनीतिक पार्टी की रैली में शामिल कराया गया। उनके मुताबिक, छात्राओं के हाथों में पार्टी के झंडे थे और वे नारे लगा रही थीं। उन्होंने रैली में मौजूद एक शिक्षक की ओर से साझा की गई तस्वीरों को इसका प्रमाण बताया है। पुष्पलता का दावा है कि छात्राओं ने बाद में उन्हें बताया कि उन्हें जबरदस्ती रैली में भेजा गया था।

हॉस्टल में छात्राओं से बात करने पर विवाद

डॉ. पुष्पलता के अनुसार, वे हॉस्टल में छात्राओं से इस मामले में बातचीत कर रही थीं, तभी डॉ. पुनीत गांधी वहां पहुंचीं और उन्हें बाहर जाने के लिए कहा। कारण पूछने पर गांधी ने उनके साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी। पुष्पलता का आरोप है कि यह घटनाक्रम छात्राओं, नर्सिंग स्टाफ, किचन स्टाफ, वार्डन और सुरक्षा गार्डों के सामने हुआ। वार्डन ने बीच-बचाव किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद प्रिंसिपल इंचार्ज प्रभा अग्नि भोज ने घटना रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस को फोन कर मांगी सुरक्षा- डॉ. पुष्पलता का कहना है कि जब उन्होंने डायरेक्टर से मिलने जाने की बात कही, तब कार्यालय में मौजूद अधिकारियों ने सुरक्षा गार्डों को हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

20 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला

व्यापारियों से ठगी का आरोपी पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

गुना जिले के कुंभराज में मक्का खरीदी के नाम पर करीब 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने व्यापारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुंभराज निवासी महेश शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उससे 1 लाख 80 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। साथ ही बैंक में जमा 58 ग्राम सोने (कीमत करीब 6.5 लाख रुपए) पर होल्ड लगवाया है। आरोपी का मंडी लाइसेंस भी निरस्त करवाया गया है।

140 टन से ज्यादा मक्का खरीदी, भुगतान नहीं किया

पुलिस के अनुसार, फरियादी देवेंद्र शर्मा निवासी कुंभराज ने 2 नवंबर 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि कुंभराज कृषि उपज मंडी में संचालित उनके अनाज गोदाम से व्यापारी महेश शर्मा की फर्म अभिषेक ट्रेडर्स को 22, 23 और 24 अक्टूबर को कुल 140 टन 160 किलोग्राम मक्का बेची गई थी। इसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए थी। व्यापारी ने सात दिन में भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन रकम देने से पहले ही 26 अक्टूबर से वह घर से फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 229/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) और 316(5) में केस दर्ज कर जांच शुरू की।

खटकिया से गिरफ्तार किया

मामले में पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और संभावित ठिकानों पर दबिश दी। इसी दौरान उसके खटकिया में होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने वहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 1.80 लाख रुपए नकद जब्त किए गए। इसके अलावा बैंक में जमा 58 ग्राम सोने पर होल्ड लगवाने की कार्रवाई की गई। पुलिस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

कटनी- वन विभाग के नाके पर अवैध वसूली का आरोप

कटनी जिले के सुर्खी टैंक के पास वन विभाग के नाके पर प्राइवेट लोगों के बैठकर वाहन चालकों से पैसे वसूलने का आरोप लगा है। ट्रक चालकों का कहना है कि कागजात पूरे होने पर भी उनसे 10 से 20 रुपए लिए जाते हैं।

शनिवार को बिना वर्दी के आम लोगो का चेक पोस्ट में वाहनों के कागज चेक करने का वीडियो सामने आया है कोयला ले जा रहे ट्रक चालक धर्मराज ने बताया कि उनके पास वाहन के सभी वैध कागजात हैं, फिर भी नाके पर पैसे मांगे जाते हैं।

उनके मुताबिक, कागजात पूरे न होने पर 100 रुपए या उससे अधिक वसूले जाते हैं। इस रास्ते से गुजरने वाले कोयले के ट्रकों और दूसरे वाहनों को भी इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

वन संपदा की जांच के लिए है नाका

क्षेत्रीय समाजसेवी अवध सिंह ने कहा कि नाका वन संपदा ले जाने वाले वाहनों की जांच के लिए बनाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब यहां प्राइवेट युवकों को बैठाकर बाहर से आने-जाने वाले वाहन चालकों से पैसे लिए जा रहे हैं। उन्होंने वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत का भी आरोप लगाया।

क्या कहते हैं अधिकारी

मंदसौर के दो मंदिरों में मां लक्ष्मी का अनोखा श्रृंगार, भाईदूज तक होंगे दर्शन

एक दरबार में 50 लाख के नोट, दूसरे में 5 करोड़ की मुद्रा सजाई

न्यायपति तोप वाले बालाजी मंदिर में 50 लाख के नोटों से सजावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर में धनतेरस पर मां लक्ष्मी के दरबार धन-संपदा से सजाए गए। शहर के दो मंदिरों में माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। कहीं 50 लाख रुपए के नोटों से मंदिर प्रांगण सजाया गया तो कहीं 5 करोड़ रुपए की भारतीय मुद्रा, 100 किलो चांदी और 2 किलो सोने के आभूषणों से मां लक्ष्मी का दरबार तैयार किया गया। नोटों और सोने-चांदी से सजे इन दरबारों के दर्शन के लिए शुक्रवार देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती रही।

शहर के कोर्ट परिसर स्थित न्यायपति तोप वाले बालाजी मंदिर में महालक्ष्मी और कुबेर जी की प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया गया। यहां करीब 50 लाख रुपए के नोटों से मंदिर प्रांगण सजाया गया। साथ ही सोने के आभूषणों से माता रानी का श्रृंगार किया गया। मंदिर की सजावट और श्रृंगार पर कुल करीब 1 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

मंदिर अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत ने बताया कि सजावट की तैयारियां आठ दिन से चल रही थीं, जो धनतेरस की रात पूरी हुईं। यह विशेष





सजावट भाई दूज तक रहेगी। दर्शन करने पहुंचीं सिमरन होतवानी और तनिष्का होतवानी ने बताया कि माता रानी की छवि बेहद अद्भुत नजर आई। ऐसा लगा मानो साक्षात मां लक्ष्मी प्रकट हुई हों। उन्होंने कहा कि मंदसौर में पहली बार इस तरह का श्रृंगार देखने को मिला है। नरसिंहपुरा स्थित भगवान श्री नरसिंह मंदिर में विराजित मां महालक्ष्मी का श्रृंगार भी आकर्षण का केंद्र रहा। अग्रवाल समाज देसी पंचायत की ओर से माता रानी का दरबार करीब 5 करोड़ रुपए की भारतीय मुद्रा, 100 किलो चांदी और 2 किलो सोने के आभूषणों से सजाया गया। सात दिन की मेहनत से तैयार इस स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। खास बात यह है कि मंदिर में मां लक्ष्मी की प्रतिमा इसी साल स्थापित की गई है। अग्रवाल समाज नरसिंह मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर का नवनिर्माण पूरा हुआ है।

भूसे के ढेर में छिपा रखी थी डेटोनेटर-जिलेटिन पेटियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर के बहेरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मझगुंवा में पुलिस ने अवैध रूप से रखी विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। डेटोनेटर और जिलेटिन की करीब 30 से 35 पेटियां एक बाड़े में भूसे के अंदर छिपाकर रखी गई थीं। पुलिस ने विस्फोटक जब्त कर लिया है। मामले में शुक्रवार देर रात तक जांच चलती रही। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से ग्राम मझगुंवा में दुलीचंद नाम के व्यक्ति के ठिकाने पर अवैध विस्फोटक रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद बहेरिया थाना पुलिस ने शुक्रवार को मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान भूसे में छिपाकर रखी गई अलग-अलग कंपनियों की करीब 30 से 35 पेटियां मिलीं। इसके अलावा विस्फोटक से जुड़ी अन्य सहायक सामग्री भी बरामद होने की जानकारी है। बरामद विस्फोटक का इस्तेमाल मुख्य रूप से उत्खनन और पहाड़ों में ब्लास्टिंग के लिए किया जाता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम डिस्पोजल स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। टीम विस्फोटक की सुरक्षा और तकनीकी जांच कर रही है। जब्त सामग्री का कुल वजन और वास्तविक मात्रा का आधिकारिक खुलासा होना बाकी है।

अमिताभ बच्चन का बंगला उड़ाने की धमकी, 15 दिन में दूसरा ईमेल

स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे हाईकोर्ट में भी ब्लास्ट की बात लिखी

अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इसके बाद मुंबई में सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है।

ईमेल में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इए), वर्ली रेसकोर्स और बॉम्बे हाईकोर्ट को भी उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इससे पहले 23 अक्टूबर को मुंबई की मेयर रितु तावड़े को एक धमकी भरा ई-मेल आया था। इसमें भी बच्चन के बंगले को बम से उड़ाने की बात लिखी गई थी।



अधिकारियों के मुताबिक, पुलिस, बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (इऊऊ) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने इन सभी जगहों पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, पुलिस को कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। पुलिस ने बताया कि साइबर पुलिस की टीम ईमेल या संदेश भेजने वाले व्यक्ति के क्ह एड्रेस का पता लगा रही है।

कहा गया था- 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' का बदला होगा। इस मेल में खालिस्तान समर्थक नारे भी लिखे थे। 23 अक्टूबर को किए ईमेल में 1984 के सिख-विरोधी दंगों का भी जिक्र है। इसमें कहा गया था- ह्यदिलजीत ने अमिताभ बच्चन के पैर छुए थे, इसलिए उस पर हमला किया जाएगा। 27 नवंबर को दिलजीत को महालक्ष्मी रेस कोर्स में आत्मघाती हमले में मारना है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद मुंबई पुलिस, पुलिस की डॉग स्क्वॉड और बम स्क्वॉड की टीमें बीएमसी मुख्यालय पहुंचीं। मेयर और डिप्टी मेयर कार्यालय सहित विभिन्न चैंबर्स की भी तलाशी ली। मुंबई में 18 अक्टूबर को टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग की घटना हुई। टाइगर फुटबॉल खेलने के बाद जुहू इलाके से निकल रहे थे, तभी उनकी कार पर गोलियां चलाई गईं। इस घटना में टाइगर को गोली नहीं लगी, लेकिन उनका ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति घायल हुए थे।

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की गिरफ्तारी के निर्देश



बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ गई हैं। 25 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में महू की अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। राजपाल यादव कई बार सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश नहीं हुए। इससे पहले उनके खिलाफ जमानती वारंट भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बावजूद वे अदालत में पेश नहीं हुए।

इसके बाद कोर्ट ने मुंबई पुलिस को अभिनेता के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अगली सुनवाई से पहले महू कोर्ट में पेश करने के आदेश दिए हैं। यह मामला महू निवासी फिल्म फाइनेंसर प्रकाश जाजू की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के मुताबिक, राजपाल यादव और प्रकाश जाजू के बीच 25 लाख रुपए का लेनदेन हुआ था। इस रकम को लौटाने के लिए राजपाल यादव की ओर से बाद की तारीख के चेक दिए गए थे, जो बाउंस हो गए।

प्रकाश जाजू ने जब ये चेक बैंक में जमा किए, तो खाते में पर्याप्त पैसे नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गए। इसके बाद उन्होंने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई।

यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा है, जिसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत केस दर्ज किया गया है।

इस मामले में कोर्ट ने पहले राजपाल यादव के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। फरियादी पक्ष यानी प्रॉसिक्यूशन के वकील राधेश्याम अग्रवाल के मुताबिक, इसके बाद राजपाल यादव मुंबई पुलिस के सामने पेश हुए थे। उन्होंने तय तारीख पर कोर्ट में आकर जमानत कराने का भरोसा दिया था, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी उन्होंने न तो जमानत कराई और न ही खुद कोर्ट में पेश हुए। लगातार गैरहाजिर रहने पर कोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया। इसके बाद फर्स्ट क्लास ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फरहान एम. कुरैशी की अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर किया।

अदालत ने मुंबई पुलिस को राजपाल के खिलाफ वारंट जारी कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राजपाल यादव को गिरफ्तार कर अगली सुनवाई से पहले महू न्यायालय के समक्ष पेश करने को कहा गया है। अब मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस की ओर से वारंट की तामीली और अदालत में अभिनेता की पेशी पर निर्भर करेगी।

जून 2024 में हाईकोर्ट ने राजपाल यादव की सजा पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। कोर्ट ने उन्हें करीब 9 करोड़ रुपए का बकाया चुकाने को कहा था। हालांकि, वे तय रकम चुकाने में नाकाम रहे। इस साल 2 फरवरी को कोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने का आदेश दिया था।

फिल्म बायोपिक नहीं, सिर्फ एक्शन की कहानीः

सलमान ने कहा- ऐसा नहीं कि हमने फिल्म बनाई तो चीन भारत पर हमला कर देगा



सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ रही है। टीजर और पोस्टर के बाद फिल्म के ट्रेलर की पहली झलक मुंबई मीडिया को दिखाई गई। इस दौरान सलमान ने फिल्म को लेकर कई बातें साझा कीं। उन्होंने साफ किया कि 'मातृभूमि' किसी की बायोपिक नहीं, बल्कि वास्तविक घटनाओं और परिस्थितियों से प्रेरित कहानी है।

सलमान बोले- यह बायोपिक नहीं; सिर्फ इंसान की इंसान से भिड़ंत दिखाने की कोशिश है इस दौरान सलमान ने फिल्म में भारत और चीन के बीच दिखाई गई परिस्थितियों पर बात की। उन्होंने कहा कि फिल्म में दोनों देशों का जिक्र है, लेकिन युद्ध या टकराव दिखाने का मतलब उनके रिश्ते खराब करना नहीं है।

सलमान ने कहा- यह फिल्म बिल्कुल भी बायोपिक नहीं है। यह सिर्फ एक बात से प्रेरित है। मेरे पिता ने मुझसे एक बार कहा था कि जब युद्ध में कोई गोली अपने निशाने तक पहुंचती है, तो उसका दर्द एक मां के दिल तक पहुंचता है। मैं फिल्म में ऐसा कुछ नहीं दिखाना चाहता था।

मैं सिर्फ ऐसी फिल्म बनाना चाहता था, जिसमें दो लोगों के बीच सीधी हाथापाई हो। बस, इतना ही। फिल्म में एक तरफ चीन है और दूसरी तरफ हम हैं। इसलिए मुझे लगा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों पर थोड़ा असर पड़ सकता है।

लेकिन मुझे नहीं लगता कि चीन में कोई यह कहेगा कि सलमान खान ने एक फिल्म बनाई है, जिसमें चीन के खिलाफ युद्ध दिखाया गया है, इसलिए भारत पर हमला कर दो। इसी तरह, अगर जैकी चैन ऐसी कोई फिल्म बनाते हैं, तो क्या हमारी सेना यह कहेगी कि जैकी चैन ने चीन के समर्थन में फिल्म बनाई है, इसलिए चलो चीन पर हमला कर देते हैं? ऐसा बिल्कुल नहीं होता। समझ रहे हैं आप?

सलमान का इशारा साफ था कि सिनेमा में युद्ध और देशों के बीच टकराव को वास्तविक दुनिया के रिश्तों से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। फिल्म का उद्देश्य किसी देश के खिलाफ माहौल बनाना नहीं, बल्कि युद्ध के दौरान इंसानी भावनाओं, बलिदान और उसकी कीमत को सामने लाना है। मुंबई में आयोजित इस एक्सक्लूसिव मीडिया इवेंट में करीब 250 मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए। सलमान ने चुनिंदा मीडिया के सामने ट्रेलर का स्पेशल प्रीव्यू पेश किया।

रणवीर की प्रलय की शूटिंग से आजाद मैदान में बवाल

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह की अपकमिंग फिल्म प्रलय रिलीज से पहले ही विवादों में आ गई है। मुंबई के ऐतिहासिक आजाद मैदान में फिल्म की शूटिंग के लिए मिली अनुमति ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को नाराज कर दिया है। शूटिंग के चलते मैदान पर होने वाले अंडर-14 और अंडर-16 इंटरस्कूल क्रिकेट मैच टालने पड़े। टउअ ने इस फैसले पर सवाल उठाते हुए खेल मैदान के व्यावसायिक इस्तेमाल का विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि जिस मैदान पर युवा क्रिकेटर अपना भविष्य संवारते हैं, वहां व्यावसायिक फिल्म शूटिंग को प्राथमिकता देना खेल संस्कृति के लिए ठीक नहीं है। मुंबई का आजाद मैदान लंबे समय से क्रिकेट गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी क्रिकेट की प्रैक्टिस करते हैं। इसके अलावा मैदान पर स्थानीय और इंटरस्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट भी आयोजित किए जाते हैं।

मुंबई मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार के खेल विभाग ने रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' के मेकर्स को आजाद मैदान में छह घंटे तक शूटिंग करने की अनुमति दी थी। बताया जा रहा है कि इस मैदान पर पहली बार किसी फिल्म की शूटिंग के लिए इस तरह की अनुमति दी गई।


इस फैसले के बाद मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने नाराजगी जताई है। एसोसिएशन का कहना है कि शूटिंग के लिए मैदान का इस्तेमाल होने से वहां पहले से निर्धारित क्रिकेट गतिविधियां प्रभावित हुईं।

फिल्म की शूटिंग के लिए आजाद मैदान में बड़े-बड़े सेट तैयार किए गए थे। इसके अलावा शूटिंग की जरूरत के मुताबिक आर्टिफिशियल घास भी बिछाई गई थी। मैदान पर इस तरह की तैयारियों के चलते क्रिकेट मैचों के आयोजन में परेशानी हुई। खासतौर पर अंडर-14 और अंडर-16 के इंटरस्कूल क्रिकेट मैच प्रभावित हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, इन मुकाबलों को आगे के लिए टालना पड़ा।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली






बाएं से दाएं

1. जनमत-4
4. सचेत. सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा - 2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. वसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

ऊपर से नीचे

1. पूजा, प्रार्थना-4
2. मार्ग. पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

माथा पच्ची



संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल



शब्दजाल में मनोज वाजपेयी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

अक्स, फरेब, इंतकाम, पिंजर, सत्या, शूल, जूबेदा, दिल पर मत ले यार, घात, जागो

अष्टयोग

4	2	7		3	5	
	33		33		26	7
		4	6			3
5	34	3	30	6	32	
6				5		2
	30	5	33	7	39	
1			3			4

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

45	-	20	+	30	-	40	= 15
-		+		+		-	+
25	+	15	-	15	+	30	= 55
+		x		-		x	-
23	x	2	-	23	+	2	= 25
-		+		+		-	-
30	+	2	+	25	-	20	= 20
=		=		=		=	=
13	+	35	-	47	+	0	=

अष्टयोग का हल

7	2	4	6	3	5	1
2	33	2	33	4	26	7
4	5	7	6	1	2	3
3	34	5	40	6	32	6
1	3	6	4	5	7	2
5	30	3	31	7	39	5
6	5	1	3	2	7	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7



इजराइल में नए प्रधानमंत्री का ऐलान आज

आइजनकोट को 6 पार्टियों का समर्थन; देश में कभी सिंगल पार्टी की सरकार नहीं बनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल में अगला प्रधानमंत्री कौन होगा इसका ऐलान राष्ट्रपति इसाक हर्जोग आज करेंगे। सरकार बनाने के लिए 61 सासंदों का समर्थन चाहिए। गादी आइजनकोट के गठबंधन को 6 पार्टियों के 67 सांसदों ने समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास मात्र 46 सांसदों का समर्थन है। इस कारण माना जा रहा है कि राष्ट्रपति उन्हें सरकार बनाने का पहला मौका नहीं देंगे।

इजराइल में अब तक किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला है। यही वजह है कि यहां हमेशा गठबंधन की सरकारें बनती रही हैं।



राष्ट्रपति बोले- सांसद साथ हैं, लेकिन पार्टियां राजी नहीं

राष्ट्रपति हर्जोग ने गुरुवार को संसद में चुनी गई सभी पार्टियों के नेताओं से बातचीत की थी। उन्होंने कहा था कि पहली नजर में सांसदों की राय साफ दिखाई देती है, लेकिन अलग-अलग राजनीतिक गुटों के बीच कई मुद्दों पर सहमति नहीं है। उनके मुताबिक पार्टियों के बीच एक-दूसरे को लेकर आपत्तियां भी हैं। इसलिए सिर्फ सांसदों की सिफारिश के आधार पर यह तय नहीं किया जा सकता कि कौन सरकार बना पाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि वह कुछ पार्टी नेताओं से अलग से बातचीत करेंगे, ताकि सरकार बनाने की संभावनाएं साफ हो सकें।

छह पार्टियों ने आइजनकोट का नाम सुझाया, लेकिन साथ आने को तैयार नहीं

आइजनकोट को छह पार्टियों के 67 सांसदों का समर्थन मिला है। इनमें चार यहूदी पार्टियां और दो अरब पार्टियां शामिल हैं। चार यहूदी पार्टियों के पास कुल 48 सीटें हैं, जबकि दो अरब पार्टियों के पास 19 सीटें हैं। सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि इन छह पार्टियों में से तीन यहूदी पार्टियां अरब पार्टियों के साथ सरकार बनाने को तैयार नहीं हैं। आइजनकोट ने भी चुनाव से पहले अरब पार्टियों को सरकार में शामिल करने से इनकार किया था। दूसरी ओर, अरब पार्टियों का कहना है कि वे नेतन्याहू को सत्ता से हटाने के लिए आइजनकोट का समर्थन कर रही हैं।

यानी राष्ट्रपति के सामने आइजनकोट के पक्ष में 67 सांसदों की सिफारिशें हैं, लेकिन यह संख्या अपने आप में गठबंधन सरकार बनने की गारंटी नहीं है।

जॉइंट लिस्ट गठबंधन को जानिए

यह इजराइल की अरब आबादी के अधिकारों की बात करने वाला राजनीतिक गठबंधन है। इसमें तीन अलग-अलग पार्टियां शामिल हैं। गठबंधन में अरब नेताओं के साथ यहूदी नेता भी हैं। हदाशः वामपंथी पार्टी है। अरब और यहूदी नागरिकों की समानता, मजदूरों के अधिकारों और फिलिस्तीन के साथ शांति की वकालत करती है। तालः अहमद तिबी की पार्टी है। अरब नागरिकों के समान अधिकार, शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों और फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना का समर्थन करती है। बलदः अरब राष्ट्रवादी विचारधारा वाली धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। इजराइल को ऐसा देश बनाने की वकालत करती है, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलें।

राष्ट्रपति की बैठक में किसने किसका समर्थन किया?

आइजनकोट के समर्थन में यिस्राइल बेतेनुः अविग्दोर लिबरमैन की पार्टी ने आइजनकोट को समर्थन दिया है। इसके पास 7 सीटें हैं। राअमः मंसूर अब्बास की अरब पार्टी के 8 सांसदों ने आइजनकोट को सरकार बनाने का मौका देने की सिफारिश की। जॉइंट लिस्टः 11 सांसदों वाले इस अरब गठबंधन ने भी आइजनकोट का समर्थन किया। याशर और डेमोक्रेट्सः आइजनकोट के नेतृत्व वाले विपक्षी खेमे की इन पार्टियों ने भी उनका नाम सुझाया।

महंगाई और अर्थव्यवस्था पर लेबर पार्टी से मुकाबला; छोटी पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं

न्यूजीलैंड में आम चुनाव, पीएम लक्सन की कुर्सी पर खतरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेलिंगटन



नेशनल पार्टी का मुकाबला विपक्षी लेबर पार्टी से है। अल जजीरा के मुताबिक, देश में बढ़ती महंगाई और कमजोर अर्थव्यवस्था चुनाव के सबसे बड़े मुद्दे हैं। दोनों प्रमुख पार्टियों को बहुमत मिलने के आसार नहीं हैं। ऐसे में छोटी पार्टियां तय कर सकती हैं कि अगली सरकार किसकी बनेगी। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन दूसरी बार सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने 2023 के चुनाव में सेंटर-राइट नेशनल पार्टी को जीत दिलाई थी। इससे देश में 6 साल से चल रही लेबर पार्टी की सरकार खत्म हो गई थी।

हालांकि, प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही उन्हें राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस साल अप्रैल और अगस्त में उनकी अपनी पार्टी के सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल उठाए और उन्हें हटाने की कोशिश की। दोनों बार लक्सन अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। अगस्त में हुई दूसरी कोशिश के पीछे उस समय के रक्षा मंत्री का हाथ होने की खबरें भी आई थीं।

उनकी सरकार को अर्थव्यवस्था में धीमी सुधार और गठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच मतभेदों को लेकर भी आलोचना झेलनी पड़ी है।

विपक्षी लेबर पार्टी के नेता क्रिस हिपकिंस फिर से प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। 2023 के चुनाव में उनकी पार्टी को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। हिपकिंस पहली बार 2008 में सांसद बने थे। जनवरी 2023 में जैसिंडा अर्डर्न के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी।

हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ नौ महीने चला। अक्टूबर 2023 के चुनाव में लक्सन की नेशनल पार्टी के गठबंधन ने जीत हासिल की और लेबर पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। हार के बाद भी हिपकिंस पार्टी के नेता बने रहे। इस बार वे महंगाई से राहत देने और सरकारी सेवाओं को बेहतर बनाने का वादा कर रहे हैं।

अर्थव्यवस्था और महंगाईः इस चुनाव में अर्थव्यवस्था सबसे बड़ा मुद्दा है। दोनों प्रमुख पार्टियां आर्थिक विकास बढ़ाने और लोगों को महंगाई से राहत देने की बात कर रही हैं, लेकिन उनके तरीके अलग हैं। नेशनल पार्टी सरकारी खर्च पर नियंत्रण रखकर बजट को फिर से फायदे में लाना चाहती है। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन योजना का विस्तार करने का वादा किया गया है। वहीं, लेबर पार्टी लोगों के घरेलू खर्च को कम करने पर जोर दे रही है। पार्टी सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं और परिवहन सुविधा देने के साथ मकान, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर निवेश बढ़ाना चाहती है। 2. बिजली, किराना और टैक्सः छोटी पार्टियां बिजली और किराने के सामान की बढ़ती कीमतों को लेकर बड़े बदलाव का वादा कर रही हैं। न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी बड़ी बिजली कंपनियों को बांटने और देश की बड़ी सुपरमार्केट कंपनियों में से एक को अलग-अलग हिस्सों में बांटने की बात कर रही है।

चुनाव के नतीजे कब आएंगे?

न्यूजीलैंड का चुनाव आयोग शनिवार को मतदान खत्म होने के बाद चुनावी नतीजे जारी करना शुरू करेगा। आयोग का लक्ष्य है कि चुनाव की रात तक 95% मतदान केंद्रों के शुरूआती नतीजे सामने आ जाएं। हालांकि, अंतिम नतीजे 27 नवंबर तक आने की उम्मीद है। इनमें विदेशों में रहने वाले न्यूजीलैंड के नागरिकों के डाक और अन्य माध्यमों से डाले गए वोट भी शामिल होंगे। न्यूजीलैंड में हर तीन साल में आम चुनाव होते हैं। यहां मिक्स्ड मेंबर प्रपोर्शनल (टटढ) चुनाव प्रणाली लागू है। इस व्यवस्था में मतदाता सीधे प्रधानमंत्री या देश के नेता को नहीं चुनते, बल्कि दो वोट डालते हैं। हर इलाके में सबसे ज्यादा वोट पाने वाला उम्मीदवार संसद में पहुंचता है। इसके अलावा देशभर में किसी पार्टी को मिले वोटों के अनुपात के हिसाब से उसके दूसरे उम्मीदवारों को भी संसद में जगह मिलती है।

भारत-पाकिस्तान जंग हुई तो क्या तुर्किये सेना भेजेगा

विपक्ष ने संसद में पूछा, सरकार बोली- मक्का समझौते के बावजूद संसद की मंजूरी लेनी होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अंकारा



क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और शहबाज शरीफ। तस्वीर 7 अगस्त 2026 की है।

तुर्किये की संसद ने गुरुवार को सऊदी अरब और पाकिस्तान के साथ हुए रक्षा समझौते को मंजूरी दे दी। समझौते को लेकर तुर्किये की विपक्षी सांसद गुलिस्तान किलिक कोचिगित ने संसद में सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच जंग हुई, तो क्या तुर्किये को पाकिस्तान की मदद के लिए सेना भेजनी पड़ेगी?

तुर्किये सरकार ने साफ किया है कि समझौते के बावजूद सेना भेजने के लिए संसद की अलग से मंजूरी लेनी होगी। तीन महीने पहले तुर्किये, पाकिस्तान और सऊदी अरब ने मक्का पैक्ट पर साइन किया था। समझौते के तहत तीनों में से किसी एक देश पर हमला बाकी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। मक्का में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर के बाद बातचीत करते रेसेप तैयप एर्दोगन, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और शहबाज शरीफ। तस्वीर 7 अगस्त 2026 की है।

मक्का में रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर के बाद बातचीत करते रेसेप तैयप एर्दोगन, कोचिगित तुर्किये की कुर्द समर्थक डेम पार्टी की संसदीय दल की उपनेता हैं। उन्होंने चिंता जताई कि इस समझौते के चलते तुर्किये को ऐसे युद्ध में उतरना पड़ सकता है, जिसमें शामिल होने का फैसला उसने खुद नहीं किया होगा। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और दोनों देशों के पास परमाणु हथियार होने का भी जिक्र किया।

कोचिगित ने यह सवाल भी उठाया कि तुर्किये के ईरान के साथ ऐतिहासिक संबंध हैं। अगर मक्का समझौता ईरान को घेरने की रणनीति का हिस्सा है, तो सरकार को यह साफ करना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से इस समझौते पर सफाई देने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि बिना शर्तें साफ किए ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर करके एर्दोगन ने देश का भविष्य दांव पर लगा दिया है। डेम पार्टी की डिप्टी संसदीय नेता किलिक कोचिगित ने राष्ट्रपति एर्दोगन से इस समझौते पर सफाई देने की मांग की है।

बलूच आर्मी ने कमांडर इन चीफ बशीर को निकालाः

पाकिस्तान में बड़े हमलों को अंजाम दिया; फिल्म धुरंधर के किरदार हमजा से होती थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ क्वेटा



बलूच नेता बशीर जेब का फरवरी 2026 में एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उन्हें साथियों के साथ मोटरसाइकिल चलाते हुए देखा गया था। बलूच लिबरेशन आर्मी के कमांडर-इन-चीफ बशीर जेब को पद से हटा दिया गया है। बशीर जेब ने पाकिस्तान में कई बड़े हमलों की साजिश रचकर पहचान बनाई थी।

बलूचिस्तान में हथियारबंद लड़ाकों के साथ बशीर जेब के वीडियो वायरल हुए तो उनकी तुलना फिल्म 'धुरंधर' के किरदार हमजा अली मजारी से होने लगी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नाकाम ऑपरेशन और महिला आत्मघाती हमलावरों के इस्तेमाल को लेकर संगठन में उनके खिलाफ नाराजगी बढ़ रही थी।

3 नवंबर को प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि बशीर जेब अब संगठन के कमांडर-इन-चीफ नहीं रहेंगे। यह बयान बलूचिस्तान पोस्ट में प्रकाशित हुआ था। संगठन ने कहा कि बशीर जेब के पास मौजूद सभी प्रशासनिक, सैन्य और नीतिगत फैसले लेने के अधिकार अब सीनियर कमांड काउंसिल को सौंप दिए गए हैं। नया कमांडर नियुक्त होने तक संगठन के सभी बड़े फैसले यही परिषद लेगी।

बलूचिस्तान पोस्ट के मुताबिक, बशीर जेब को हटाने का फैसला 16 अक्टूबर को हुई BLA की शीर्ष समितियों की बैठक में लिया गया था। बैठक में शामिल कमांडरों ने सर्वसम्मति से नेतृत्व में बदलाव को मंजूरी दी थी। BLA ने इस बदलाव को संगठन के नियमों के मुताबिक शांतिपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन बताया। संगठन का दावा है कि बशीर जेब को हटाने के फैसले से न तो संगठन में कोई बंटवारा हुआ और न ही कमांडरों के बीच टकराव की स्थिति बनी। BLA ने बशीर जेब को पद से हटाने के पीछे कोई खास वजह नहीं बताई है। संगठन ने सिर्फ इतना कहा कि यह फैसला उसके 2018 में बनाए गए संवैधानिक नियमों के तहत लिया गया है। इन नियमों के मुताबिक, कोई भी कमांडर जीवनभर संगठन के शीर्ष पद पर नहीं रह सकता।

पैराग्वे के राष्ट्रपति पद से हटाए गए सैंटियागो पेना

हाउस अरेस्ट; देश का बड़ा बैंक डूबने पर कार्रवाई, 30 लाख लोगों पर असर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पैराग्वे



पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना को शुक्रवार को उनके पद से हटा दिया गया। फिलहाल वे हाउस अरेस्ट में हैं। सीनेट के 44 सदस्यों ने पेना को पद से हटाने के पक्ष में सर्वसम्मति से वोट दिया। देश के एक बड़े बैंक यूएनो के डूबने के बाद पेना के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। उन पर पद पर रहते हुए गलत काम करने का आरोप लगाया गया है।

बैंक के डूबने से करीब 30 लाख ग्राहक प्रभावित हुए हैं। तीन दिन पहले नियामक एजेंसियों ने यूएनो बैंक को अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद ग्राहकों की जमा पूंजी और बैंक कार्ड का इस्तेमाल बंद हो गया। इससे देश में राजनीतिक संकट खड़ा हो गया।

पेना के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए थे। राष्ट्रपति का पुतला लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पेना को उनके घर में ही हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है। उन्हें आर्थिक अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी इकाई के सामने पेश किए जाने तक घर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

इस आदेश में पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख कार्लोस कावालो की गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए गए हैं। कावालो को पेना ने ही नियुक्त किया था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कावालो को गिरफ्तार किया गया है या नहीं।

सांसदों ने आरोप लगाया कि पेना ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी धन के सैकड़ों मिलियन डॉलर यूएनो बैंक में जमा करवाए। आरोप है कि इस दौरान नियामक एजेंसियों ने बैंक के जोखिम भरे इनसाइडर लोन पर ध्यान नहीं दिया। पेना को हटाए जाने के बाद उपराष्ट्रपति पेद्रो अलीआना ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली। वे अगस्त 2028 तक बचा हुआ कार्यकाल पूरा करेंगे।

उनके सामने बैंक के ग्राहकों का पैसा लौटाने और बैंक के डूबने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने की चुनौती है। 52 साल के अलीआना लंबे समय से सत्ता में रही कंजर्वेटिव कोलोराडो पार्टी के नेता हैं। वे देश के दक्षिणी प्रांत ज़ीम्बुकू के पूर्व गवर्नर और निचले सदन के पूर्व स्पीकर रह चुके हैं। यूएनो बैंक के डूबने से पैराग्वे एक दशक से ज्यादा समय के सबसे बड़े राजनीतिक संकट में फंस गया है। मंगलवार को नियामक एजेंसियों ने बैंक को कब्जे में लिया।

ईरान ने अमेरिका को 7 शर्तों वाला नया प्रस्ताव भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध खत्म कराने की कोशिशों के बीच ईरान ने अमेरिका को नया परमाणु प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव कतर के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपनी 7 शर्तें पूरी होने के बाद ही परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करेगा और होर्मुज खोलेगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अमेरिका इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। हालांकि, उन्होंने प्रस्ताव में शामिल शर्तों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। ईरान चाहता है कि अमेरिका उस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध खत्म करे। इन प्रतिबंधों की वजह से ईरान के लिए दूसरे देशों के साथ कारोबार करना और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल बेचना मुश्किल होता है। ईरान की मांग है कि दूसरे देशों के बैंकों में जमा उसकी रोकी गई संपत्ति वापस की जाए।

अपनी जमीन पर यूक्रेन बंटवारे का फैसला नहीं चाहते; 18-19 नवंबर की मीटिंग पर अभी सस्पेंस

जिनपिंग चीन में डोनाल्ड ट्रम्प और पुतिन मुलाकात कराने से डर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन चीन में एक साथ बैठक करना चाहते हैं। पुतिन ने 19 अक्टूबर को इसका प्रस्ताव रखा था। उसी दिन ट्रम्प ने भी बैठक में शामिल होने की रजामंदी दी। दोनों ने इस बातचीत में जिनपिंग को शामिल करने का प्रस्ताव रखा।

यह बैठक 18-19 नवंबर को चीन के शेनझेन शहर में होने वाले अढएउ समिट के दौरान हो सकती है। हालांकि चीन ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है, लेकिन प्रस्ताव को खारिज भी नहीं किया है। फिलहाल तीनों देशों के बीच इस बैठक को लेकर बातचीत चल रही है।

जिनपिंग की हिचकिचाहट की एक बड़ी वजह यूक्रेन युद्ध है। उनके सामने मुश्किल यह है कि वह एक तरफ रूस के साथ अपने रिश्ते खराब नहीं करना चाहते, वहीं दूसरी तरफ यूरोप के साथ अपने आर्थिक संबंधों को भी नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते। यही वजह है कि तीनों की मुलाकात पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।

ट्रम्प-पुतिन और जिनपिंग के बीच बैठक से चीन खुद को अमेरिका के बराबर एक बड़ी वैश्विक ताकत के रूप में पेश कर सकता है। लेकिन उसे यह भी डर है कि कहीं यह बैठक 1945 के याल्टा समझौते जैसी स्थिति न पैदा कर दे, जिसकी चीन लंबे समय से आलोचना करता रहा है।

फरवरी 1945 में दूसरे विश्वयुद्ध के आखिरी दौर में अमेरिका, सोवियत संघ और ब्रिटेन के नेता क्रीमिया के याल्टा में मिले थे। इन नेताओं ने बैठक में तय किया कि युद्ध खत्म होने के बाद यूरोप के देशों का बंटवारा और शासन कैसे होगा। उस समय चीन भी जापान के खिलाफ युद्ध लड़ रहा था, लेकिन उसे इस बैठक में शामिल नहीं किया गया।

दरअसल इसमें तीनों देशों ने एक गुप्त समझौता भी किया था। इसके तहत सोवियत संघ को चीन में कुछ खास अधिकार दिए गए। जैसे- रूस मंगोलिया में सैना तैनात रखेगा, मंचूरिया में रेलवे और बंदरगाहों के इस्तेमाल करेगा आदि।

चीन इस समझौते से नाराज था। उसका मानना था कि उसकी गैरमौजूदगी में उसके इलाके और अधिकारों को लेकर फैसला करके उसकी पीठ में छुरा घोंपा गया।

बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट, सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन और ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल शामिल हुए थे। 80 साल बाद इतिहास खुद को दोहराता हुआ नजर आ रहा है। तब तीन बड़ी ताकतों ने एक मेज पर बैठकर यूरोप का भविष्य तय किया था। अब रूस एक बार फिर अमेरिका, रूस और चीन के नेताओं को एक साथ बैठाना चाहता है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार चर्चा का केंद्र यूक्रेन युद्ध हो सकता है।

रूस चाहता है कि ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग एक साथ बैठकर युद्ध खत्म करने के रास्तों पर बात करें। लेकिन इस प्रस्ताव के साथ एक बड़ा सवाल भी जुड़ा है। जिस यूक्रेन की जमीन पर यह युद्ध लड़ा जा रहा है, वह खुद इस बैठक में शामिल नहीं होगा।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पहले ही इस तरह की किसी बैठक पर आपत्ति जता चुके हैं। उनका कहना है कि यूक्रेन के भविष्य का फैसला उसकी गैरमौजूदगी में नहीं किया जा सकता। यानी दुनिया की तीन बड़ी ताकतें अगर यूक्रेन युद्ध पर कोई समझौता करती हैं, तो उसे यूक्रेन कैसे स्वीकार करेगा? पुतिन को अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों के साथ एक ही मंच पर बैठने का मौका मिलेगा। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने रूस से दूरी बना रखी है।

■ वर्ष-13 अंक-05 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

यावत्स्वस्थो ह्यय देह: तावन्मृत्युश्च दूरत:।
तावदात्महितं कुर्यात् प्रणान्ते किं करिष्यति॥

भावार्थ : जब तक शरीर स्वस्थ है, तभी तक मृत्यु भी दूर रहती है। अतः तभी आत्मा का कल्याण कर लेना चाहिए। प्राणों का अन्त हो जाने पर क्या करेगा? केवल पश्चात्ताप ही शेष रहेगा।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 07 नवम्बर, 2026

आस्ते भग आसीनस्योर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगश्चरैवेति॥

भावार्थ : जो मनुष्य बैठा रहता है, उसका सौभाग्य (भग) भी रुका रहता है। जो उठ खड़ा होता है उसका सौभाग्य भी उसी प्रकार उठता है। जो पड़ा या लेटा रहता है उसका सौभाग्य भी सो जाता है और जो विचरण में लगता है उसका सौभाग्य भी चलने लगता है। इसलिए तुम विचरण ही करते रहो।

सम्पादकीयम्

पारदर्शिता अत्यावश्यकी अस्ति; निर्वाचन आयोगः

मुख्यनिर्वाचनआयुक्तः ज्ञानेशकुमारः बहुधा विपक्षनेतृणां आरोपानाम् सामनां कृतवान् अस्ति। अधुना निर्वाचनसूचीनां विशेषसघनपुनरीक्षणम् इत्यनेन सम्बद्धानां आन्तरिकमतभेदानाम् निर्णयानां च विषये गम्भीरः विवादः उत्पन्नः अस्ति निर्वाचनआयोगस्य मतं यत् स्वसदस्यानां मध्ये विविधाः मताः दृष्टिकोणाः च भवितुं विचारप्रक्रियायाः सामान्यः भागः अस्ति, तथा च सर्वे अन्तिमनिर्णयाः सर्वसम्मत्या एव प्राप्ताः इति मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अन्तिमेषु वर्षेषु निर्वाचनआयोगः स्वस्य कार्यपद्धतिसम्बद्धेषु निरन्तरविवादेषु उलझितः अस्ति। विपक्षस्य अविश्वासः- प्रायः सर्वेषु निर्णयेषु संशयेन प्रकटितः--- कदाचित् कदापि गभीरः न अभवत्। अस्मिन् सन्दर्भे आयोगस्य आन्तरिकनिर्णयप्रक्रियासम्बद्धाः प्रकाशनानि गम्भीरप्रश्नान् उत्थापयन्ति। अन्ये द्वे आयुक्तौ मुख्यनिर्वाचनआयुक्तेन सह सहमतौ वा इति परं, अधिकः महत्त्वपूर्णः विषयः अस्ति यत् 'विशेषसघनपुनरीक्षणम्' इत्यादिषु संवेदनशीलविषयेषु तेषां आक्षेपाणां किं जातम्। असहमतिः सामान्यः अस्ति। निर्वाचनआयोगः प्रतिपादयति यत् स्वसदस्यानां मध्ये भिन्नाः मताः आन्तरिकचर्चायां मानकभागः अस्ति तथा च सर्वे अन्तिमनिर्णयाः सर्वसम्मत्या एव कृताः इति। आयोगस्य तर्कः अपि अस्ति यत् १० मासस्य अवधिमध्ये कृतानां विशिष्टानां आन्तरिकटिप्पणीनां पृथक्करणं पूर्णं चित्रं प्रस्तुतुं असफलं भवति। निर्वाचनआयोगस्य संरचनां दृष्ट्वा एतत् तर्कं ध्वनितं दृश्यते; न तु त्रयः अपि आयुक्ताः प्रत्येकस्मिन् विषये समानानि मतं धारयन्तु इति आवश्यकता।

१५० परिवाराः निराश्रयत्वस्य सामनां कुर्वन्ति :

यत्र तेषां आर्धं जीवनं व्यतीतम् तत्र गृहाणि त्यक्त्वा गन्तुं भयम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



गृहस्य निमार्णे केवलं इष्टकाः, सीमेण्टः, श्रमः च इत्यस्मात् अधिकं भवति; सम्पूर्णं आयुः उपभोगं करोति। केचन जनाः लघु, कष्टेन अर्जितानां बचतानां संयोजनेन भित्तिं निर्मान्ति, अन्ये तु स्वसन्ततिनां उत्तमभविष्यस्य आशायां ठोसछतस्य स्वप्नं पश्यन्ति परन्तु महुआ टोला-नगरे निवसतां प्रायः १५० परिवाराणां कृते---राइपुरा-ग्रामे बार्गी तहसील्-इत्यस्मिन् बस्ती-एतानि एव गृहाणि अधुना गहनचिन्ताजनकाः अभवन् यत्र दशकानि व्यतीतानि, यत्र तेषां बालकाः वर्धिताः, यत्र तेषां कुटुम्बस्मृतयः मूलभूताः सन्ति, तस्मात् स्थानात् निष्कासनस्य तर्जनं तेषां सम्मुखीभवति।

प्रायः ५० वर्षाणि यावत् तत्र निवसन्तः महुआ टोला-नगरस्य निवासिनः अधुना विस्थापनसंकटस्य सामनां कुर्वन्ति। गृहाणि रिक्तं कर्तुं आदेशस्य अनन्तरं-येषु केचन प्रधानमन्त्री आवासयोजनायाः अन्तर्गतं निर्मिताः-चिन्तायाः अनिश्चिततायाः च वातावरणं बस्तीं गृहीतवान् अस्ति। प्रभावितकुटुम्बानां कृते अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः प्रश्नः अस्ति यत् यदि ते स्वगृहं त्यक्त्वा गन्तुं बाध्यन्ते तर्हि ते कुत्र गमिष्यन्ति? सुरक्षितं निवासस्थानं स्थापयितुं वर्षाणां परिश्रमं कृत्वा ते अधुना पुनः निराश्रयत्वस्य आशायाः कारणेन अतीव दुःखिताः सन्ति।

बालानाम् भविष्यं वृद्धानां स्मृतयः च एतेषु गृहेषु बद्धाः सन्ति यद्यपि बस्तीविच्छेदनस्य अथवा स्थापनायाः निर्णयः कागदपत्रे कतिपयानि पङ्क्तयः यावत् न्यूनीकरोति तथापि तत्र निवसतां प्रत्येकस्य परिवारस्य जीवने तस्य प्रभावः अनुभूयते महुआ टोलस्य कुटुम्बानां कृते एषः केवलं भूमिविवादः एव नास्ति; तेषां दैनन्दिनजीवनसम्बद्धः विषयः अस्ति। तेषां बालकानां शिक्षा, तेषां वृद्धानां परिचर्या, तेषां आजीविका, तेषां सामाजिकसम्बन्धाः च– एतत् सर्वं अस्य बस्तीयाः अविच्छिन्नरूपेण सम्बद्धम् अस्ति।

दशकैः अत्र निवसन्ति इति ग्रामिणः वदन्ति। कालान्तरे ते स्वगृहाणि निर्माय स्वपरिवारस्य स्थापनां कृतवन्तः। एतेषु केचन गृहाणि प्रधानमन्त्रि आवासयोजनायाः अन्तर्गतमपि निर्मिताः आसन्। फलतः एतेषां गृहाणां रिक्तीकरणस्य आदेशेन तेषां कुटुम्बानां महत्तमं दुःखं जातम् येषां अन्यत्र गन्तुं नास्ति। चतुर्दशकपुराणानां भूमिविनियोगपत्राणां (पट्टा) उद्धृत्य अधुना निवासिनः दस्तावेजानां आधिकारिकसमीक्षायाः आग्रहं कुर्वन्ति। ग्रामजनानां दावानुसारं प्रायः ४० वर्षाणि पूर्वं ग्रामपञ्चायतेन तत्कालीननायबतहसीलदारेन च तेभ्यः आवासीयभूमिविनियोगः प्रदत्तः। एतेषां आश्रित्य गृहाणि निर्माय तत्रैव स्वजीवनं स्थापितवन्तः। प्रधानमन्त्री आवासयोजनायाः अन्तर्गतं बस्तीयां प्रायः ३५ तः ४० यावत् स्थायीगृहाणि निर्मिताः इति अपि अवलोकितम् अस्ति।

निष्कासन-आदेशानां निर्गमनानन्तरं ग्रामजनाः अधुना पुरातन-आवंटन-पत्राणां, तत्सम्बद्धानां राजस्व-अभिलेखानां च अन्वेषणस्य आग्रहं कुर्वन्ति। तेषां मतं यत् यदि भूमिस्य वास्तविकस्थितिविषये किमपि विवादः अस्ति तर्हि प्रथमं निष्पक्षसीमाकरणं कर्तव्यम्। ते आग्रहं कुर्वन्ति यत् विशिष्टानि भू-पार्सल-सङ्ख्याः (खसरा-सङ्ख्याः) चिह्नितव्याः, ऐतिहासिक-अभिलेखानां परीक्षणं करणीयम्, सवेषां सम्बद्धानां पक्षानां श्रवणानन्तरं एव निर्णयः करणीयः इति। ग्रामजनानां आरोपः अस्ति यत् मुकेशकुमारः विपिनकुमारः च---रामशरणचौक्से इत्यस्य पुत्रौ---सरकारीभूमिविषये दावान् प्रतिपादितवन्तौ। परन्तु अस्य दावस्य वैधता, भूमिस्य यथार्थस्वामित्वस्य स्थितिः च केवलं राजस्व-अभिलेखानां परीक्षणेन प्रशासनिकजागृत्या च निर्धारयितुं शक्यते ग्रामजनाः स्वगृहं रक्षितुं प्रशासनस्य समीपं गच्छन्ति।

मूर्तिपूजां वा कर्तुं न

अनुमतम् अस्य आधारेण सः सारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मूर्तिपूजां वा कर्तुं न अनुमतम् अस्य आधारेण सः सारा अली खानस्य केदारनाथमन्दिरस्य भ्रमणस्य, तत्र प्रार्थनायां तस्याः सहभागितायाः च आक्षेपं प्रकटितवान्। मौलाना पश्चात्तापस्य उपदेशं ददाति अभिनेत्र्याः कार्याणि धार्मिकरूपेण अशुद्धानि इति वर्णयन्त्याः मौलाना तस्याः आचरणस्य विषये चिन्तनं कर्तुं, अल्लाहस्य क्षमायाचनाय च उपदेशं दत्तवती। तस्य वचनेन तस्याः मन्दिरे प्रार्थनाकरणं पापत्वेन लक्षणं भवति। स्पष्टं कर्तुं महत्त्वपूर्णं यत् धार्मिकनेतृणा निर्गतः फतवा-अथवा एतादृशः कोऽपि घोषणा-धर्मस्य विषये मतं वा व्याख्यां वा प्रतिनिधियति। न्यायालयस्य आदेशः, विधिदण्डः वा इति न व्याख्यातव्यम्। सारा पूर्वमपि केदारनाथं महाकालं च गतवती अस्ति। सारा अली खानः धार्मिकस्थलानां भ्रमणार्थं बहुधा चर्चायां वर्तते। सा केदारनाथमन्दिरं, तथैव उज्जैननगरस्य महाकालेश्वरमन्दिरम् इत्यादीनि धार्मिकस्थानानि अपि गतवती अस्ति। एतेषु स्थानेषु तस्याः भ्रमणेन प्रायः सामाजिकमाध्यमेषु चर्चाः उत्पन्नाः सन्ति । सारा इत्यस्याः माता अमृतसिंहः हिन्दुः, तस्याः पिता सैफ अली खानः मुस्लिमः। अभिनेत्र्याः धार्मिकस्थलेषु भ्रमणेन विविधाः प्रतिक्रियाः उत्पन्नाः सन्ति। अभिनेत्री नेपोटिज्म इत्यस्य विषये अपि चचार्यां विषयः अभवत्।

एप्स्टीन् इत्यनेन सह हरदीपपुरी इत्यस्य छायाचित्रं वायरल् भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अमेरिकीयौनअपराधिना जेफ्री एप्स्टीन् इत्यनेन सह केन्द्रीयपेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यस्य अनेकाः छायाचित्राः सामाजिकमाध्यमेषु प्रसारिताः सन्ति। एतेषां चित्राणां उद्भवानन्तरं काङ्ग्रेसपक्षेण पुरी इत्यनेन पूर्वं कृतानां वक्तव्यानां विषये प्रश्नाः उत्थापिताः। एप्स्टीन् इत्यनेन सह तस्य समागमाः प्रतिनिधिमण्डलस्य भागरूपेण भवन्ति इति पुरी पूर्वं दावान् अकरोत्, सः कदापि एकः एव न मिलितवान् इति। काङ्ग्रेसस्य प्रवक्त्री सुप्रिया श्रिनेट् सामाजिकमाध्यमेषु प्रश्नं कृतवती यत् यदि पुरी दावान् करोति यत् सः कदापि एप्स्टीन् इत्यनेन सह केवलं न मिलितवान् तर्हि एतेषां छायाचित्राणां व्याख्या किम्?

राशिफल

मेष : मन ज्यादा शांत और सोच गहरी रहेगी। काम में धीरे-धीरे सुधार आएगा और चीजें सही दिशा में जाएँगी।

वृषभ : नए आइडिया और योजनाएं दिमाग में आएंगी। दोस्त या जान-पहचान वाले काम में मदद करेंगे।

मिथुन : काम का दबाव ज्यादा रह सकता है, लेकिन आप सब संभाल लेंगे। नौकरी में स्थिति मजबूत रहेगी।

कर्क : किस्मत का साथ मिलेगा। जो काम अटके हुए थे, उनमें गति आएगी। पढ़ाई, यात्रा या नए काम की शुरूआत हो सकती है।

सिंह : पुरानी बातें या पुराने लोग दिमाग में आ सकते हैं। काम में जिम्मेदारी बढ़ेगी और भरोसा भी मिलेगा।

कन्या : लोगों से बातचीत और संपर्क आपके काम आएंगे। नौकरी या काम में नया मौका मिल सकता है।

तुला : रिश्तों के लिहाज से समय ठीक है। कामकाज में संतुलन बनाकर चलेंगे तो फायदा होगा।

वृश्चिक : कामकाज में स्थिरता बनी रहेगी। जो मेहनत आप काफी समय से कर रहे थे, उसका असर अब दिखने लगेगा।

धनु : पुराने अटके काम पूरे होने लगेंगे। आप हर चीज को बहुत बारीकी से देखेंगे, लेकिन ज्यादा सोचने से बचें।

मकर : आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। काम में आपकी बात सुनी जाएगी और पहचान भी मिलेगी।

कुंभ : मन थोड़ा भावुक रहेगा और छोटी बातें जल्दी असर डाल सकती हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा।

मीन : इस समय काम करने का मन बना रहेगा। पढ़ाई-लिखाई या कुछ नया सीखने में दिल लगेगा।

13 साल में 64 मैच खेले, 229 विकेट लिए, वनडे और टी-20 खेलते रहेंगे

मोहम्मद शमी का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करके इसकी जानकारी दी।

खास बात यह है कि 13 साल पहले 6 नवंबर को उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और इसी दिन टेस्ट छोड़ा। उन्होंने 64 मैच में 229 विकेट लिए। हालांकि, वे वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे। 36 साल के शमी ने लिखा, आज भारी मन और अनगिनत खूबसूरत यादों के साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला कर रहा हूं। पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब सिर्फ एक सपना था- देश के लिए कुछ कर दिखाना। हर विकेट, संघर्ष, चोट और वापसी ने मुझे कुछ न कुछ सिखाया।

बोले- सफेद जर्सी छोड़ रहा हूं, क्रिकेट नहीं- शमी ने साफ किया कि वे आईपीएल और घरेलू क्रिकेट सहित व्हाइट बॉल फॉर्मेट खेलते रहेंगे। जरूरत पड़ने पर फिटनेस बनाए रखने के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट के चार दिवसीय मैच भी खेल सकते हैं, लेकिन भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे लिए सिर्फ एक फॉर्मेट नहीं, मेरी जिंदगी का बेहद खास हिस्सा रहा है। मैदान पर मेरी आखिरी टेस्ट गेंद भले ही फेंकी जा चुकी है, लेकिन भारत के लिए खेलने का गर्व हमेशा मेरे दिल में रहेगा।

शमी ने डेब्यू मैच में 9 विकेट लिए थे- शमी ने 6 नवंबर 2013 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। डेब्यू मैच में ही उन्होंने कुल 9 विकेट लिए। वे 6 बार एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे। एक पारी में उनका बेस्ट प्रदर्शन 56 रन देकर 6 विकेट रहा। कुल टेस्ट विकेटों के मामले में वे भारत के गेंदबाजों में 12वें और तेज गेंदबाजों में छठे स्थान पर रहे।

शमी का गांव से टीम इंडिया तक का सफर- मोहम्मद शमी का जन्म 3 सितंबर 1990 को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सहसपुर अलीनगर गांव में हुआ। उनके पिता तौसीफ अली किसान थे और खुद भी तेज गेंदबाजी करते थे। उन्होंने बेटे की प्रतिभा पहचानी और उसे क्रिकेट की ट्रेनिंग दिलाने के लिए मुरादाबाद के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी के पास भेजा। उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम में जगह नहीं मिलने के बाद कोच की सलाह पर शमी कोलकाता चले गए। वहां उन्होंने क्लब क्रिकेट खेला और बंगाल की टीम में जगह बनाई। घरेलू क्रिकेट में तेज गेंदबाजी से पहचान बनाने के बाद 2013 में उन्हें भारतीय टीम में मौका मिला। शमी ने आईपीएल में भी अपनी पहचान बनाई। शमी ने 2023 सीजन में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलते हुए 17 मैचों में 28 विकेट लेकर पर्पल कैप जीता था। पर्पल कैप आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज की दिया जाता है।

वर्ल्ड कप के बाद चोटों से जूझे, टीम में वापसी नहीं हुई

2023 वनडे वर्ल्ड कप में शमी भारत के सबसे सफल गेंदबाजों में रहे थे। इसके बाद टखने की चोट के कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। घुटने की परेशानी ने भी वापसी में समय लिया। जनवरी 2025 में उन्होंने टी-20 क्रिकेट से अंतरराष्ट्रीय वापसी की और फिर चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में चुने गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच रहा। इसके बाद वे भारतीय टीम के लिए किसी भी फॉर्मेट में नहीं खेले, लेकिन घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से लगातार खेलते रहे। हाल ही में रणजी ट्रॉफी के शुरूआती मैच में दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 5 विकेट भी लिए। इसके बावजूद न्यूजीलैंड दौरे से पहले होने वाले चार दिवसीय मैचों के लिए भारत-अ टीम में उन्हें जगह नहीं मिली। सीनियर टीम की टेस्ट योजनाओं में भी उनका नाम नहीं था। संन्यास से करीब दो सप्ताह पहले बंगाल के लिए खेलते हुए शमी ने अपनी फिटनेस पर सवालों को खारिज किया था। उन्होंने कहा था, मैं अभी अपने चरम पर हूं। इसमें घुमा-फिराकर कहने की जरूरत नहीं है।

शमी ने डेब्यू मैच में 9 विकेट लिए थे- शमी ने 6 नवंबर 2013 को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट खेला था। डेब्यू मैच में ही उन्होंने कुल 9 विकेट लिए। वे 6 बार एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने में सफल रहे। एक पारी में उनका बेस्ट प्रदर्शन 56 रन देकर 6 विकेट रहा। कुल टेस्ट विकेटों के मामले में वे भारत के गेंदबाजों में 12वें और तेज गेंदबाजों में छठे स्थान पर रहे।

शमी का गांव से टीम इंडिया तक का सफर- मोहम्मद शमी का जन्म 3 सितंबर 1990 को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सहसपुर अलीनगर गांव में हुआ। उनके पिता तौसीफ अली किसान थे और खुद भी तेज गेंदबाजी करते थे। उन्होंने बेटे की प्रतिभा पहचानी और उसे क्रिकेट की ट्रेनिंग दिलाने के लिए मुरादाबाद के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी के पास भेजा। उत्तर प्रदेश की अंडर-19 टीम में जगह नहीं मिलने के बाद कोच की सलाह पर शमी कोलकाता चले गए। वहां उन्होंने क्लब क्रिकेट खेला और बंगाल की टीम में जगह बनाई। घरेलू क्रिकेट में तेज गेंदबाजी से पहचान बनाने के बाद 2013 में उन्हें भारतीय टीम में मौका मिला। शमी ने आईपीएल में भी अपनी पहचान बनाई। शमी ने 2023 सीजन में गुजरात टाइटन्स की ओर से खेलते हुए 17 मैचों में 28 विकेट लेकर पर्पल कैप जीता था। पर्पल कैप आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज की दिया जाता है।

ज्योतिष/वास्तु

2027 तक इन राशि वालों पर मेहरबान रहेंगे शनि

करियर-शादी से लेकर धन लाभ तक मिलेंगे अच्छे परिणाम



शनि 3 जून 2027 को मीन से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। हालांकि, तब तक कुछ राशियों पर शनि देव की विशेष कृपा बनी रह सकती है। जातकों को करियर-कारोबार में मनचाहे परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

ज्योतिष में शनि के गोचर को सबसे प्रभावशाली माना जाता है, क्योंकि वह करीब ढाई साल बाद राशि परिवर्तन करते हैं। धीमी गति से चलने वाले शनि लंबे समय तक अपना प्रभाव बनाए रखते हैं। यही वजह है कि, शनि की चाल का असर जातकों के जीवन में लंबे समय तक देखने को मिलता है। वर्तमान में वह मीन राशि में विराजमान हैं। माना जा रहा है कि, शनि 3 जून 2027 को मीन से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे। शनि के मेष राशि में प्रवेश के साथ कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। हालांकि, तब तक कुछ राशियों पर शनि देव की विशेष कृपा बनी रह सकती है। इस दौरान करियर में तरक्की, रिश्तों में सकारात्मक बदलाव, निवेश में मनचाहा लाभ व शादी से जुड़े अच्छे योग भी बन सकते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं, शनि के मेष राशि में गोचर करने तक किन राशियों को विशेष लाभ मिल सकता है।

वृषभ राशि- वृषभ राशि वालों के लिए समय खास रहने वाला है। आपकी करियर को लेकर बनाई गई योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में किसी नए व्यक्ति के आने से घर का माहौल बदलता हुआ नजर आ सकता है। इस दौरान आर्थिक मामलों में भी आपको लाभ मिल सकता है। रिश्तों के लिहाज से भी समय अच्छा रहेगा। विवाह योग बनेंगे। आपकी कोई बड़ी मनोकामना भी पूरी हो सकती है। आप अपनी मेहनत के दम पर अच्छा नाम भी कमा सकते हैं।

कन्या राशि- कन्या राशि वालों के लिए समय और भी नए मौके लेकर आएगा। इस दौरान आपको परिवार के साथ किसी बड़ी यात्रा पर जाने का अवसर मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए मौके भी प्राप्त होंगे और आपकी मेहनत को पहचान मिल सकती है। कारोबारियों के लिए भी समय अच्छा रहेगा और नए लोगों से संपर्क भविष्य में लाभ का कारण बन सकते हैं। कला से जुड़े लोगों के काम की सराहना होगी।

मकर राशि- मकर राशि वालों को करियर में मनचाही सफलता मिल सकती है। धन लाभ होगा और इस दौरान आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त हो सकता है। कारोबार से जुड़े लोगों को भी अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले मजबूत होगी और आय के नए स्रोत बनने की संभावना है। परिवार की ओर से भी आपको पूरा सहयोग मिलेगा और किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

कुंभ राशि - कुंभ राशि वालों को निवेश से मनचाहा लाभ मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए जरूरी और महत्वपूर्ण काम में आपको सफलता मिलने के योग हैं। कारोबार में कोई अटकी हुई डील फाइनल हो सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में भी सुख-शांति बनी रहेगी और भविष्य को लेकर बनाई गई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत करने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पहली बार कप्तान बने

सैयद मुश्ताक अली में बिहार की कैप्टेंसी करेंगे, इसी टूर्नामेंट में 58 गेंदों में शतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

15 साल के वैभव सूर्यवंशी पहली बार किसी टीम के कप्तान बन गए हैं। उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी बिहार की कप्तानी मिली है। इससे पहले वे बिहार की रणजी टीम और दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान रह चुके हैं। वैभव ने 2 दिसंबर 2025 को सैयद मुश्ताक अली में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 बॉल पर शतक लगाया था। उन्होंने 61 बॉल पर 108 रन बनाए थे। सैयद मुश्ताक अली भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट है।

बिहार क्रिकेट संघ की चयन समिति ने शुक्रवार को बैठक के बाद शुरूआती दो मैचों के लिए टीम चुनी। बिहार 14 नवंबर को इंदौर में सौराष्ट्र के खिलाफ पहला मैच खेलेगा। 16 नवंबर को रेलवे से मुकाबला होगा।

न्यूजीलैंड में 2 मैच खेले, तीसरे टी-20 में बनाया रिकॉर्ड- वैभव हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर भारतीय टीम के साथ थे। पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उन्हें दो मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने 4 और 45 रन बनाए। वेलिंगटन में खेले गए तीसरे टी-20 में वैभव ने अभिषेक शर्मा के साथ 6 ओवर में 118 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। ओवरऑल वैभव 44 टी-20 मैच खेल चुके हैं। इनमें से 7 मुकाबले बिहार के लिए खेले हैं।



12 साल की उम्र में रणजी डेब्यू

वैभव को पहली बड़ी पहचान 2023 की वीनू मांकड़ ट्रॉफी से मिली। यह अंडर-19 स्तर का घरेलू टूर्नामेंट है। उन्होंने बिहार की ओर से 5 पारियों में 393 रन बनाए। इसमें हरियाणा के खिलाफ लगाया गया शतक भी शामिल था। इसके बाद जनवरी 2024 में उन्हें बिहार की रणजी ट्रॉफी टीम में जगह मिली। मुंबई के खिलाफ डेब्यू करते समय उनकी उम्र 12 साल 284 दिन थी। रणजी ट्रॉफी भारत का घरेलू फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट है। इसमें चार दिन या उससे अधिक समय तक चलने वाले मुकाबले खेले जाते हैं। नवंबर 2024 में वैभव ने बिहार के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टी-20 डेब्यू किया। दिसंबर 2024 में विजय हजारे ट्रॉफी के जरिए लिस्ट-ए क्रिकेट में पहला मैच खेला। लिस्ट-ए क्रिकेट में 50 ओवर के मुकाबले खेले जाते हैं।

आर्यवीर की अंडर-19 एशिया कप में फिफ्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अल अमेरात

पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 एशिया कप में नेपाल के खिलाफ 52 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाए। उन्होंने शुक्रवार को दौरान 7 चौके और 4 छक्के लगाए। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने 129 रन का टारगेट बिना कोई विकेट गंवाए सिर्फ 19.1 ओवर में हासिल कर लिया। अल अमेरात में आर्यवीर ने कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के साथ पहले विकेट के लिए 115 गेंदों पर 129 रन की नाबाद साझेदारी की। लक्ष्य ने भी 63 गेंदों पर 53 रन बनाए। उनकी पारी में 7 चौके शामिल रहे। टॉस जीतकर भारत ने गेंदबाजी चुनी। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के मुताबिक, शुरूआत में पिच पर गेंद को मूवमेंट मिल रहा था। भारतीय गेंदबाजों ने इसका फायदा उठाते हुए सही लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की और नेपाल के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। नेपाल की टीम 42.3 ओवर में 128 रन पर ऑलआउट हो गई। दर्शन सोनार ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। उन्होंने 93 गेंदों का सामना किया।

खबर एक नजर...

खड़ी कार में लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

उज्जैन। गीता कालोनी में शुक्रवार दोपहर को खड़ी कार में अचानक धुआं उठने लगा। आसपास के लोग कुछ समझ पाते कार से लपटे उठने लगी। लोगों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैली और कार को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। कार में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की दमकल गीता कालोनी पहुंच गई थी। कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। आगजनी की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। कार क्षेत्र में रहने वाली व्यक्ति की होना सामने आई है। जिसके द्वारा मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई। आगजनी का कारण कार के बोनट की वायरिंग में शार्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ हिरासत में आया युवक

उज्जैन। मादक पदार्थ को लेकर चलाये जा रहे पुलिस अभियान में महाकाल थाना पुलिस ने नृसिंहघाट क्षेत्र से रात में जूना सोमवारिया के रहने वाले इकरार पठान को गिरफ्तार किया। उसके पास से 10 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बरामद ड्रग्स 1 लाख कीमत है। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया और न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। आरोपी नशा करने का आदी है, उससे काफी पूछताछ के बाद भी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले की पुख्ता जानकारी सामने नहीं आ पाई।

युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

उज्जैन। इलेक्ट्रानिक उपकरणों की रिपेरिंग करने वाले धर्मेन्द्र पिता जगदीश मालवीय 30 साल ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मामा और उसका पुत्र फंदा काटकर धर्मेन्द्र को उज्जैन अस्पताल लेकर आये। डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार के लिये भर्ती किया। मामा ने बताया कि धर्मेन्द्र के माता-पिता नहीं है। वह गुरूवार को धार्मिक यात्रा से लौटा था और उसके घर ग्राम बमनई झारड़ा आया था। देर शाम खेत पर पहुंचकर शराब पी और रस्सी का फंदा पेड़ पर बांधने के बाद लटक गया था। उसे भाई सचिन ने देखा तो दराते से रस्सी काटकर नीचे उतार लिया। मामले की सूचना झारड़ा पुलिस को मिली तो मामले की जांच शुरू की है। धर्मेन्द्र के बयान दर्ज कर आत्मघाती कदम उठाने की वजह का पता लगाया जायेगा।

खेत में युवक को लगा करंट, रास्ते में हुई मौत

उज्जैन। माकडोन में रहने वाला ईश्वर पिता किशन शुक्रवार दोपहर खेत पर काम कर रहा था। उसी दौरान कुएं पर लगे होल की मोटर के खुले तारों की चपेट में आ गया। करंट लगने पर वह बेसुध हो गया था। उसे उपचार के लिये परिजन उज्जैन लेकर आये। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो चुकी थी। परिवार ईश्वर को वापस माकडोन लेकर लौट गया। माकडोन पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। दीपावली से पहले हुई घटना के बाद परिवार में मातम छा गया था। ईश्वर खेती किसानी का काम करता था।

बहादूरगंज में कार के फोड़े कांच, पडोसियों पर आरोप

उज्जैन। बहादूरगंज चौराहा पर गुरूवार-शुक्रवार रात कुसुम राठौर के परिवार की कार घर के बाहर खड़ी थी। पड़ोसियों ने विवाद करते हुये कार के कांच फोड़ दिये। मामले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि कुसुम राठौर और कृष्ण राठौर के परिवार में पुराना विवाद चला आ रहा है। उसकी के चलते विवाद कर कांच फोड़े गये है। कुसुम राठौर पक्ष का आरोप था कि कुछ माह पहले भी विवाद हुआ था। मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। उस वक्त पड़ोसी युवक ने माफी मांग ली थी लेकिन युवक कुछ माह पहले अपराधिक मामले में जेल चला गया था। रिहा होने के बाद से वह लगातार धमकी दे रहा था। रात में विवाद होने पर उसने परिवार के साथ मिलकर कार के कांच फोड़े और मासूम बेटे को उठाकर ले जाने की धमकी दी। मामले में कोतवाली थाना पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई है।

मामी से बात पर युवक को जान से मारने की धमकी

उज्जैन। ग्राम जफरपुर माकडोन में ईश्वर पिता शंकरलाल सूर्यवंशी निवासी पिपलोनकला हाल मुकाम चंदेसरी देवासरोड के साथ बालू और उसके साथियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ईश्वर ने मामले की शिकायत माकडोन थाना पुलिस को दर्ज करते हुये बताया कि बालू का आरोप था कि वह उसकी मामी सीमाबाई से बात करता है। वह जफरपुर रिश्तेदार के यहां आया था उसी दौरान रास्ता रोक बालू और उसके साथियों ने मारपीट की। पुलिस बालू और उसके साथियों की तलाश कर रही है।

दिन	147-2	134-8
मेन बाजार	346-3	348-5
मिलन डे	133-7	225-9
मिलन नाइट	127-0	158-4

4 5 8

होटल श्री गंगा पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के उल्लंघन पर 02 लाख का जुर्माना

अंजुश्री होटल में बीडब्ल्यूजी निरीक्षण, रूपए डेढ़ लाख का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चार सफाई कर्मियों की मौत के बाद होटल श्री गंगा एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। होटल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के निरीक्षण में ड्रेनेज एवं एसटीपी प्लांट बंद मिले हैं। यहां गीले और सूखे कचरे को मिलाकर रखा जा रहा था। इसके चलते होटल प्रबंधन को नोटिस जारी करने के साथ ही 2 लाख का जुर्माना लगाया गया है।

नगर पालिक निगम से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्ल्यूजी) के दायित्वों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देवास रोड स्थित होटल श्री गंगा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों के उल्लंघन एवं गंभीर लापरवाही पाए जाने पर होटल प्रबंधन पर नगर निगम द्वारा 02 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया। साथ ही आवश्यक सुधार करने एवं सुरक्षित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु नोटिस भी जारी किया गया।

एसबीएम नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार एवं पवन कुमार फुलफकीर सहित निगम की टीम द्वारा होटल परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने के बजाय आपस में मिलाकर रखा जा रहा था। इसके अतिरिक्त होटल का ड्रेनेज सिस्टम एवं एसटीपी प्लांट बंद पाया गया। टैंकों में गाद भरी हुई थी तथा संपूर्ण प्लांट बंद एवं खराब स्थिति में मिला।

इन गंभीर कमियों को देखते हुए नगर निगम की टीम ने होटल प्रबंधन पर रूपए 2 लाख का जुर्माना किया तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम उपस्थित रही।

अंजुश्री होटल में भी वही खामियां मिली

नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बल्क वेस्ट जनरेटर इकाइयों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने अंजुश्री होटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अंतर्गत निर्धारित मानकों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आने पर निगम अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर होटल के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि होटल परिसर में चार प्रकार के कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण नहीं किया जा रहा था। जैविक कचरे के प्रसंस्करण के लिए कम्पोस्टिंग व्यवस्था एवं अन्य संसाधन खराब स्थिति में मिले तथा कम्पोस्टर बिन में मिश्रित कचरा पाया गया। इसके अतिरिक्त दैनिक अपशिष्ट प्रबंधन का रिकॉर्ड एवं लॉगबुक उपलब्ध नहीं थी। सूखे एवं पुनर्चक्रण योग्य कचरे के उचित भंडारण तथा उससे संबंधित रिकॉर्ड का भी अभाव पाया गया। इसी प्रकार बायोमेडिकल कचरे का निर्धारित नियमों के अनुसार प्रबंधन नहीं किया जा रहा था। होटल का एसटीपी प्लांट भी संतोषजनक स्थिति में नहीं मिला। एसटीपी से निकलने वाले पानी के निस्तारण की व्यवस्था उचित नहीं थी तथा वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई।


जमानत पर रिहा पति-पत्नी पर दर्ज हुआ प्रकरण

लोन दिलाने के नाम पर 3 लोगों से ठगे लाखों

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोन दिलाने के नाम धोखाधड़ी करने वाले पति-पत्नी के खिलाफ एक बार फिर 3 लोगों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। पति-पत्नी कुछ माह पहले ही जमानत पर रिहा हुये थे। दोनों करीब 10 से ज्यादा लोगों को झांसा देकर धोखाधड़ी कर चुके है।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि कानीपुरा में रहने वाले सचिन पिता जगदीश डोडिया की शिकायत पर विद्यापति नगर में रहने वाली वैदिका दुबे और उसके पति उपेन्द्र दुबे के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4),धमकी देने की धारा 296 (बी) और 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया गया है। सचिन द्वारा शिकायती आवेदन देकर बताया गया था। उसे लोन की जरूरत थी दोस्त सुनील द्वारा बताया गया कि एएसएस फायनेंस कंपनी चलाने वाली वैदिका और उसके पति उपेन्द्र द्वारा उसका लोन पास कराया गया है। दोस्त के माध्यम से 5 लाख का लोन लेने पहुंचा। पति-पत्नी ने उसे बातों में उलझा कर लोन की प्रोसेस पूरी करने के नाम पर 2 लाख 68 हजार रुपए ले लिये। कई महिनों बात भी लोन नहीं दिलाया, पैसे मांगने पर धमकी देने लगे। पुलिस के अनुसार सचिन द्वारा मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई थी। जहां से जांच के लिये मामला थाने आने पर जांच पूरी होने के बाद दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।



सालभर पहले दर्ज हुआ था प्रकरण

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि पति-पत्नी के खिलाफ सालभर पहले भी कुछ लोगों ने लोन दिलाने के पर धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज कराई थी। करीब 8 माह पहले वैदिका और उपेन्द्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हे जेल भेजा गया था। करीब चार माह जेल में रहने के बाद दोनों जमानत पर छूटे है, लेकिन उनके खिलाफ धोखाधड़ी करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक करीब 10 लोग सामने आ चुके है।

सचिन की मां और दोस्त को भी ठगा

पुलिस जांच में सामने आया कि सचिन का वैदिका और उपेन्द्र से परिचय करने वाले दोस्त सुनील और उसकी मां रेखा डोडिया से भी दोनों धोखाधड़ी कर चुके है। सुनील के बयान दर्ज करने पर सामने आया कि उसे लोन दिलाया गया था, लेकिन पांच साल की एफडी करने पर डबल देने की बात कहीं थी। दिलाई गई लोन की राशि 2 लाख 30 हजार रुपए ले लिये गये थे। लेकिन कुछ दिन बाद दोनों धोखाधड़ी के मामले में जेल चले गये थे। सचिन की मां रेखा डोडिया राजेन्द्र नगर में रहती है। उससे उधार के रूप में 2 लाख 60 हजार रुपए लिये थे और वापस नहीं दिये। पुलिस ने सुनील और रेखा डोडिया के बयान दर्ज कर उनकी शिकायत पर भी प्रकरण दर्ज किया है।

मुख्य सचिव पहुंचे विक्रम उद्योगपुरी तीन इकाइयों का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल शुक्रवार को उज्जैन के विक्रम उद्योगपुरी के विकास को देखने के लिए पहुंचे थे । उन्होंने इस दौरान तीन ईकाईयों का स्थल निरीक्षण किया है। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष औद्योगिक विकास की सराहना की और निवेश और गतिविधियों का दायरा बढाने पर जोर दिया है। इस दौरान मुख्य सचिव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। मुख्य सचिव ने निरीक्षण की शुरूआत मेसर्स सिम्बायोटेक जेनफोल्ड प्राइवेट लिमिटेड की इकाई से की। यहां उन्होंने एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स और न्यूट्रास्यूटिकल्स के निर्माण की प्रक्रिया, उत्पादन गतिविधियों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने वीआरएम मॉलिक्यूलर एंड न्यूक्लियर मेडिसिन्स प्राइवेट लिमिटेड की इकाई में ढएठ-उळ और न्यूक्लियर मेडिसिन जांच में उपयोग होने वाली रेडियोफार्मास्युटिकल दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया देखी। निरीक्षण के तीसरे चरण में उन्होंने निमार्णाधीन वीई कमर्शियल व्हीकल्स प्लांट का जायजा लिया और परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने विक्रम उद्योगपुरी के फेज-1 और फेज-2 की योजनाओं तथा आगामी औद्योगिक संभावनाओं से भी अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने उज्जैन में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने और आगामी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने और प्रस्तावित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

राजगढ़ के बदमाश ने चुराया था रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन से रिटायर्ड हवलदार का मोबाइल चुराने वाले बदमाश को जीआरपी ने चंद घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाश राजगढ़ का रहने वाला है। जिसके पास से चोरी किया मोबाइल बरामद किया गया।

छत्तीसगढ़ के रायपुर से रिटायर्ड हवलदार बालाराम वर्मा परिचित विरेन्द्र के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे। देव-दर्शन के बाद वह वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंचे थे। ट्रेन आने में देरी होने के चलते पूछताछ कार्यालय के लेट गये थे। नींद का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनका 18 हजार रुपए कीमत का मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि शिकायत मिलने पर चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया और आरपीएफ टीम के माध्यम से प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। एक संदिग्ध के दिखाई देने पर उसकी तलाश शुरू की गई और चंद घंटे में रेलवे स्टेशन आउटर से उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसका नाम विनोद पिता करणसिंह वर्मा निवासी दौतलपुरा थाना बोडा राजगढ़ सामने आया। उससे मोबाइल चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार विधिवत कार्रवाई के बाद आरोपी को नोटिस तामिल कराकर छोड़ा गया है। महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में ट्रेन यात्रियों की संख्या प्रतिदिन लाखों में पहुंच चुकी है। पिछले 10 माह के दौरान ट्रेनों मे यात्रा करने और प्लेटफार्म पर आने वाले यात्रियों के बीच से 360 मोबाइल चोरी होना सामने आ चुके है। जीआरपी और आरपीएफ की टीम लगातार मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने के साथ सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 190 मोबाईल बरामद करने में सफल हो चुकी है। सौ से अधिक बदमाशों का पकड़ा गया है। अब तक बरामद मोबाइल 38 लाख कीमत के बताये जा रहे है। 2025 में मोबाइल चोरी का आंकडा 400 के पार पहुंचा था।

देवास रोड के पंप संचालक उपभोक्ताओं की जेब डेमेज करने में लगे

खाद्य विभाग की नजरअंदाजी, पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाद्य विभाग की नजरअंदाजी के चलते देवास रोड के पेट्रोल पंप संचालक उपभोक्ताओं की जेब को हानि पहुंचाने में लगे हैं। नियमों को ताक में रखकर मनमानी का काम यहां जारी है जिसे रोकने के नाम पर आने वाले खाद्य विभाग के नुमाइंदे मात्र चक्कर लगाकर चले जाते हैं। कागजों में नियमों का ढेर होने के बावजूद इन पंपों पर पालन करवाने वाला कोई नहीं हैं।

देवास रोड पर नागझिरी से दताना तक लगभग 10 पेट्रोल पंपों का संचालन हो रहा है लेकिन मजाल है कि एक भी पेट्रोल पंप पूरे नियमों के साथ संचालित हो रहा हो। नियमों की कमियां यहां ढेरों हैं लेकिन खाद्य विभाग के नुमाइंदों को ये नजर ही नहीं आती है और न ही नापतौल विभाग के नुमाइंदे ही इन्हें देखना गवारा समझते हैं। ऐसा नहीं है कि विभागीय नुमाइंदे यहां नहीं आते हैं। बकायदा कागजों में निरीक्षण अंकित होता है लेकिन कार्रवाई एवं कमी के नाम पर कुछ नहीं किया जाता है।

हाल यह हैं कि पेट्रोल पंपों पर मनमानी का काम चल रहा है लेकिन निरीक्षण में ये मनमानी नहीं पकडी जाती है। उपभोक्ताओं के शिकायत पर ही कार्रवाई का बहाना लिया जाता है। उपभोक्ताओं के नियमों के जानकार न होने के चलते नियम अंतर्गत शिकायत नहीं हो पाती है और अगर होती है तो उसे मिलीभगत के साथ घुमा दिया जाता है। हाल यह हैं कि पेट्रोल पंप का लायसेंस उपभोक्ता के सदृश्य लगाया जाना चाहिए लेकिन यहां लायसेंस और उसका नंबर देखना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हैं। उपभोक्ता के मांगने पर शिकायत पुस्तिका भी नहीं दी जाती है। एक्सप्लोसिव लाइसेंस, नापतौल प्रमाण -पत्र, प्रदुषण बोर्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र एक्सपायर्ड होना ,रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, का प्रदर्शन भी गायब रहता है।

ये है नियम उल्लंघन की स्थिति

अधिकांश पेट्रोल पंप पर मीटर जीरो से शुरू नहीं हो रहा है। कैलिब्रेशन में हेरा-फेरी, चिप / रिमोट से डिलीवरी की आशंका बन रही है। 5 लीटर के स्टैंडर्ड मेजर से चेक करने पर कमी निकलना की व्यवस्था नहीं। क्वालिटी की गड़बड़ की स्थिति है।इथेनाल का प्रतिशत तय से अधिक हो रहा है। डेंसिटी चेक रजिस्टर मेंटेन नहीं किए जा रहे हैं। यही नहीं प्रति दिन की डेंसिटी टेस्ट नहीं की जा रही है न ही सूचना पटल पर उसका उल्लेख किया जा रहा है।टैंक में पानी की मात्रा अधिक होने की आशंका भी बराबर बन रही है।

सुरक्षा में भी कमियां

पेट्रोल पंपों पर लगे अग्निशमन उपकरण की मियाद समाप्त हो चुकी है या खाली पडे हैं। बालू रेती के बकेट में रेत ही नहीं है। धुम्रपान बोर्ड, इमरजेंसी नंबर, एग्जिट बोर्ड गायब हैं। स्टाफ बगैर रहते हैं। मोबाइल यूज रोकने को लेकर भी काम नहीं करते हैं। पंप पर मोबाइल यूज मशीन के पास ही होता रहता है। बार कोड मशीन के उपर से ही स्केन करवाकर भूगतान लिया जा रहा है। अर्थिंग / स्टैटिक चार्ज का इंतजाम खराब है। टैंकर अनलोडिंग के समय सेफ्टी कोन, अर्थिंग वायर का उपयोग भी नहीं किया जाता है।

चामुंडा चौराहा पर बिगड़े हालात, बायपास मार्गो पर रेंगते रहे वाहन

दीपावली की खरीददारी से पहले जाम में फंसे शहरवासी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली की खरीददारी का शुक्रवार को धनतेरस के साथ आगाज हो गया। शहरवासियों ने बाजार का रूख किया तो जाम में फंस गये। सबसे ज्यादा हालत पुराने शहर को नये शहर से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग चामुंडा चौराहा पर दिखाई दिये।

पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर खरीददारी के लिये बाजारों तक पहुंचे वाले शहरवासियों के लिये धनतेरस से दीपावली तक यातायात प्लान जारी किया है। 16 मार्गो चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर सुबह 11 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध लगाया है। बावजूद धनतेरस की शाम ढलने से पहले ही शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई थी। सबसे ज्यादा बिगड़े हालात चामुंडा माता चौराहा और आगररोड पर दिखाई दिये। इस मार्ग पर सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर एलिवेटेड ब्रिज का काम चल रहा है। चामुंडा माता चौराहा पुराने और नये शहर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। निर्माण कार्य के चलते यहां से गुजरना शहरवासियों के लिये मशक्कत भरा हो गया था। यहां बिगड़ने हालत के चलते फ्रीगंज ब्रिज पर वाहन रेंगते दिखाई देने लगे। हनुमान प्रसाद पेट्रोल पंप से चामुंडा चौराहा पार करने में 25 से 30 मिनट का समय लग रहा था। लोगों ने पुराने शहर में प्रवेश के लिये घासमंडी ब्रिज से आने का प्रयास किया तो ढांचा भवन से लेकर बीमा चौराहा, कोयला फाटक मार्ग तक वाहनों की रफ्तार थमती दिखाई दी। इन मार्गो पर बढ़ते जाम के चलते आसपास मार्गो पर भी हालात बिगड़ गये थे।





तैनात पुलिस आरक्षकों की फूली सांसे

बाजारों से लेकर प्रमुख मार्गो पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिये नवआरक्षकों की तैनाती की गई है। शाम बजे वाहनों की बढ़ती संख्या और लगते जाम से उनकी सांसे भी फूलने लगी थी। चामुंडा माता पर महिला-पुरूष आरक्षक मशक्कत करते दिखाई दे रहे थे, लेकिन हर वाहन चालक को जाम से निकलने की जल्दी थी। जिसके चलते व्यवस्था बनाये रखने के उनके प्रयास पूरी तरह से विफल हो रहे थे। ऐसे में यातायात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और सफेदवर्दी धारी दिखाई नहीं दिये। धनतेरस पर यातायात के ऐसे हालत बने तो दीपावली पर व्यवस्था कैसी होगी इसका अंदेशा सहज लगाया जा सकता है।

पुलिस की अपील रही बेअसर

दीपावली पर बाजार में खरीददारी शुरू होने से पहले पुलिस प्रशासन ने चार पहिया वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा था कि बाजार आये तो चार पहिया वाहन लेकर नहीं निकले। यात्री परिवहन वाहनों का उपयोग करे। लेकिन पुलिस की अपील चार पहिया वाहन चालकों पर बेअसर रही। वह बाजार मार्गो पर कारे लेकर पहुंचे और जहां जगह मिली वहीं पार्क कर दी। जिसके बाजारों के आसपास मार्गो की व्यवस्था भी बिगड़ने लगी थी।

बाजारों में दो पहिया वाहन बने मुसीबत

बाजारों की ओर चार पहिया वाहनों को जाने से रोकने के लिये पुलिस ने कई मार्गो पर बेरिकेट्स और स्टापर लगाये थे, जिनके बीच से दोपहिया वाहन मुख्य बाजारों तक पहुंच रहे थे। दो पहिया वाहनों के बाजार में पहुंचने और जहां-तहां खड़े होने की वजह से पैदल चलना मुश्किल होने लगा था। सुरक्षा-व्यवस्था के लिये बाजारों में पुलिस कर्मियों को तैनात रहने के निर्देश दिये गये थे, लेकिन दो पहिया वाहनों का व्यवस्थित पार्क करने के लिये कोई दिखाई नहीं दिया।

पूरे शहर में उड़ता दिखा धूल का गुबार

दीपवाली की खरीददारी के लिये बाजार में निकले शहरवासियों को जहां जाम का सामान करना पड़ा वहीं निर्माण कार्यो के चलते उड़ते धूल के गुब्बार ने परेशानी खड़ी कर दी थी। आंखों में धूल के कण चुभ रहे थे। सांस लेने में धूल महसूस हो रही थी। चामुंडा माता चौराहा से आगर पर अंधेरे ढलने के बाद तो ऐसा लग रहा था जैसे मार्ग पर धुआ फैला हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com